卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 85 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦2 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## दूसरे दिन भी थमे रहे वाहनों के पहिए

देहरादून/रूद्रपुर/हल्द्वानी/नानकमत्ता/लोहाघाट (उद संवाददाता) केंद्र सरकार की ओर से हिट एंड रन को लेकर बनाए जा रहे नए कानून के विरोध में वाहन चालक दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। जिसके चलते यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गढ़वाल विक्रम टेंपो वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से सर्वसम्मति से दो और तीन जनवरी को ऑटो और विक्रम संचालित न करने का फैसला लिया गया। सोमवार को ऑटो और विक्रम चालकों ने वाहनों का संचालन खुद नहीं किया और दूसरों को भी नहीं करने दिया। हालत यह रही कि ई-रिक्शा और ऑटो चालकों की हड़ताल के चलते वर्ष के पहले और दूसरे दिन लोगों को भारी परेशानी हुई। हर तरफ सिर पर सामान लादे लोग पैदल आवागमन करते दिखे। इक्का-दुक्का चालकों ने वाहन चलाने की कोशिश की तो उन्हें यूनियन के अन्य चालकों ने रोक दिया। पूरे दिन सड़क पर अफरा तफरी का का माहौल रहा। विरोध प्रदर्शन के दौरान वाहन चालकों ने कानून को वापस लेने की मांग की। वाहन चालकों का कहना था कि सरकार ने 10 साल की सजा और पांच लाख रुपये का जुर्माने का प्रावधान वापस नहीं लिया तो मजबूरन आंदोलन तेज किया जायेगा। गढ़वाल के साथ ही कुमांऊ में भी हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। दूसरे दिन भी लोगों को भारी फजीहत उठानी पड़ी। हल्द्वानी से रूद्रपुर जाने आने जाने वाले कामकाजी लोगों को वाहनों के लिए सड़क पर घंटों इंतजार करना पड़ा। इस बीच वाहन चालकों ने नारेबाजी करते हुए केंद्र के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया। कहा कि ट्रक चालक दस हजार रुपये की नौकरी करते हैं। उन्हें 10 वर्ष की सजा होगी और पांच लाख रुपये जुर्माना देना होगा तो वह गाड़ियों को चलाने से बेहतर दिहाड़ी मजदूरी कर लेंगे। **नानकमत्ता**– केंद्र सरकार के नये कानून के विरोध में प्राइवेट बस और ट्रक चालकों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। टैंपू चालकों न हड़ताल का समर्थन (शेष पृष्ठ सात पर)





## ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ी बाइक, दो युवकों की मौत

लालकुआं (उद संवाददाता)। देर शाम ट्रैक्टर ट्राली से हुई बाइक की भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गयी जबकि एक घायल है। तीसरे युवक को उपचार के बाद घर भेज दिया। जानकारी के मुताबिक लालकुआं क्षेत्र कि बंगाली कालोनी निवासी 21 वर्षीय अमित गिरी पुत्र सुरेश गिरी, 24 वर्षीय अखिलेश पुत्र जगनमोहन और 29वर्षीय पिंटू पुत्र सुशील सोमवार की सुबह बाइक से शक्तिफार्म गए हुए थे देर शाम घर वापस लौटते समय लगभग साढ़े छह बजे बिन्दुखत्ता जड़ सेक्टर स्थित सेंचुरी पेपर मिल की दीवार के समीप गौलारोड़ पर खड़ें ट्रैक्टर ट्राली के पीछे से बाईक की भिड़ंत हो गई। जिसमें तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में तीनों घायलों को इलाज के लिए हल्द्वानी अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों ने अमित गिरी को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल अखिलेश पुत्र जगनमोहन को परिजनों ने नीलकंठ अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसने भी सुबह ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तीसरा घायल पिंटू ठीक है जिसको चिकित्सकों ने उपचार के बाद घर भेज दिया है। दोनों युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। इधर पुलिस ने बताया कि आरोपित ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लिया गया है चालक फरार है तथा मृतकों का पंचनामा कर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



## कार और स्कूटी की भिड़ंत में युवक की मौत

श्रीनगर(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के ऋषिकेश -बदरीनाथ हाईवे पर कार और स्कूटी में आमने-सामने की भिड़ंत में स्कूटी सवार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बेस अस्पताल श्रीकोट भर्ती करवाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मूल रूप से बिजनौर निवासी 17 वर्षीय साहिल पुत्र अकरम कीर्तिनगर में सब्जी की दुकान चलाता था। देर शाम वह किसी काम से श्रीनगर आया हुआ था। रात को लौटते समय उफल्डा के समीप पहुंचते ही उसकी स्कूटी सामने से आ रही आल्टो कार से जा टकराई। जिसमें साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने निजी वाहन से उसे बेस अस्पताल श्रीकोट में भर्ती करवाया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। हादसे की सूचना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर कार चालक को हिरासत में लिया है।



## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म अश्लील वीडियो वायरल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म करने और वीडियो-फोटो वायरल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने मामले में पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी दसवीं की छात्रा है और अपने भाई के साथ धार्मिक कार्यक्रमों में कभी-कभी झांकी का रोल करती है। धार्मिक कार्यक्रम करने वाली टीम में रंपुरा बस्ती का एक युवक भी काम करता है। जिस कारण उससे बेटी-बेटे की जान पहचान है। आरोप है कि दो माह पहले आरोपी युवक घर पर आया। उस वक्त घर पर बेटी अकेली थी। मौका पाकर युवक ने बेटी को कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया और उसकी वीडियो व फोटो बना डाली। इसके बाद से ही बेटी डरी व सहमी सी रहने लगी और कार्यक्रमों में रोल करने से इंकार कर दिया। जब पूछा तो नाबालिग बेटी ने बताया कि युवक उसे डरा धमकाकर काम करने का दबाव बना रहा है और दुष्कर्म की वीडियो व फोटो फेसबुक पर भी वायरल कर दी। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दो माह बाद दुष्कर्म की जानकारी परिवार को हुई है। पुलिस जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

## हाईवे पर पलटी बेकाबू पिकप,15 मजदूर घायल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महिला मजदूरों को मटर तोड़ने के लिए गदरपुर से पंतनगर ले जा रहा पिकप वाहन हाईवे पर भाखड़ा पुल के पास डिवाडर से टकरार पलट गया। हादसे में 15 लोग घायल हो गये। घायलों 7 बालिकाएं जबकि अन्य महिलाएं हैं। घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। गंभीर हालत को देखते हुए नौ वर्षीय एक बालिका को हल्द्वानी रैफर किया गया है। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक पिकप संख्या यूके 06सीबी 8994 का चालक गदरपुर निवासी जसविंदर मंगलवार सुबह गदरपुर से महिला मजदूरों को मटर तोड़ने के लिए पंतनगर फार्म लेकर जा रहा था। बताया जाता है कि वाहन की गति तेज होने के कारण भाखड़ा पुल के पास वाहन डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित हो गया और हाईवे पर पलट गया। जिससे पिकप में सवार मजदूरों में चीख पुकार मच गयी। हादसे के बाद मौके पर जाम लग गया। चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भेजा। 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। घायलों में 60 वर्षीय समारू पत्नी चौथी राम निवासी गदरपुर, 40 वर्षीय बनभैती पत्नी सीता राम निवासी केशवनगर गदरपु, 30 वर्षीय फरजाना पत्नी खुर्शीद निवासी गदरपुर, 30 वर्षीय (शेष पृष्ठ सात पर)



## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मोत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक भवाली का रहने वाला था और काम की तलाश में कई दिन पहले हल्द्वानी आया हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि बेरोजगारी से परेशान होकर उसके टेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली हो। मामले की सूचना परिजनों को दे दी गई है। मूलरूप से भवाली (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्टोन क्रेशर में महिला झुलसने से गंभीर

**कड़ाके की ठंड में आग तापते समय हुई घटना**

काशीपुर(उद संवाददाता)। स्टोन क्रेशर में मजदूरी करने वाली एक महिला सुबह कड़ाके की ठंड में आग तापते हुए बुरी तरह झुलस गई। आग से झुलसी महिला को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय ले जाने पर उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से ऑफिस गंज थाना अलीगंज तहसील आंवला जनपद बरेली उत्तर प्रदेश निवासी कालीचरण अपनी 30 वर्षीय पत्नी पिंकी एक पुत्र तथा दो पुत्रियों के साथ पिछले कुछ समय से कुंडेश्वरी स्थित माडर्न स्टोन क्रेशर में मजदूरी करता है। बताया जा रहा है कि यही स्टोन क्रेशर परिसर में उसे सर्वेंट क्वार्टर मिला हुआ है जहां वह परिवार के साथ रहता है। पता चला है कि सुबह लगभग 7बजे कड़ाके की ठंड में उसकी पत्नी पिंकी आग ताप रही थी। इसी दौरान अचानक वह बैलेंस बिगड़ने के कारण आग के लपटों की चपेट में आकर लगभग 65% झुलस गई। घटना की तत्काल बाद झुलसी महिला को तत्काल एंबुलेंस में उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय लाया गया जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।



## दो पक्षों में मारपीट,कई घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि मोहल्ला सौरभ नगर ट्रांजिट कैंप में मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट ही गई। जिसमें कुछ लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। एक पक्ष ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। जिसमे सोनू भारती पुत्र प्रेम पाल निवासी वार्ड 8 सौरभ नगर शिव नगर, ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि उसका परिवार किराये पर रहता हैं।एक जनवरी की रात्रि उसके पडोसी शराब पीकर उसके भाई को गाली दे रहे थे। उसने उनको गाली देने से मना किया तो वह उसे भी गाली देते हुए मारपीट करने पर आ गए। विरोध करने पर किरायेदार ने अपने परिजनों को बुला लिया जिन्होने उसे व उसके भाई को बुरी तरह लात घुसो व लोहे के कडो से मारा। जिससे दोनों भाइयों के सिर व शरीर के अन्य अंगों में गहरी चोटें आई हैं। हमलावर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# सशक्त उत्तराखण्ड के स्वप्न को साकार कर रही राज्य सरकार

## राज्यपाल गुरमीत सिंह ने प्रदेशवासियों को दी नव वर्ष 2024 की बधाई एवं शुभकामनाएं

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने समस्त प्रदेशवासियों को नव वर्ष 2024 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने नव वर्ष 2024 में समस्त प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और सभी के जीवन में प्रगति, खुशहाली एवं



सुख-समृद्धि की कामना की है। राज्यपाल ने कहा कि यह नव वर्ष आपसी प्रेम, भाईचारे, सौहार्द एवं शांति का मार्ग प्रशस्त करे। उन्होंने कहा की नव वर्ष नए संकल्प के साथ एक नवीन आरम्भ का अवसर है। राज्यपाल ने प्रदेश वासियों से आह्वान किया कि हमें मिलकर नई सोच, नई ऊर्जा और नई आशा के साथ देवभूमि उत्तराखंड के विकास के लिए समर्पित भाव के साथ कार्य करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि किसी भी सफल यात्रा में छोटे-छोटे पड़ावों का बहुत महत्व होता है, इसी प्रकार 2047 के विकसित भारत की यात्रा में वर्ष 2023 की उपलब्धियों का विशेष स्थान है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने नीति निर्धारण और क्रियान्वन के केंद्र में लाभार्थियों को स्थान दिया है। आज हमारी नीतियां और योजनाएं जमीनी स्थितियों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं, क्रियान्वन के लिए टास्क फोर्स बनाई जाती हैं, और सामाजिक सहयोग के माध्यम से अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि हर लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समन्वय सबसे महत्वपूर्ण अवयव है। उत्तराखण्ड के परिप्रेक्ष्य में यह बात प्रत्यक्ष रूप से स्थापित होती है। पिछले वर्ष केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर हमने कई मोर्चों पर सफलता प्राप्त की है। चाहे जी-20 के अंतर्गत तीन महत्वपूर्ण आयोजन सम्पन्न कराने का विषय हो, आपदा प्रबंधन विषय पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन हो या राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन, बेहतर समन्वय से सकारात्मक नतीजे निकाले गए हैं, जिसका लाभ प्रदेश को हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन उत्तराखण्ड की आर्थिकी का महत्वपूर्ण अवयव है, जी-20 की बैठकों के लिए उत्तराखण्ड ने विशेष तैयारियां की। हमने हर प्रतिनिधि को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाने की पहल की, अपनी लोक संस्कृति, आध्यात्मिक विशेषता और नैसर्गिक सौन्दर्य को प्रदर्शित करने के साथ साथ राज्य सरकार ने प्रयास किया कि इन महत्वपूर्ण आयोजनों में होने वाले चिंतन और मंथन के लिए योग्य वातावरण भी उपलब्ध कराएँ। जिस प्रकार की प्रतिक्रिया हमें प्रतिनिधियों से मिली उस से सिद्ध होता है कि हम इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल हुए हैं।उन्होंने कहा कि इसी प्रकार उत्तराखण्ड ने आपदा प्रबंधन विषय पर छठे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया। इस बैठक में प्रत्यक्ष एवं वर्चुअल माध्यम से 70 देशों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। ध्यान देने योग्य बात है कि जिस दिन यह सम्मेलन प्रारंभ हुआ था उसी दिन हमने हमारी एक बड़ी चुनौती से जीत हासिल की, 17 दिनों के लंबे संघर्ष के बाद आखिरकार 28 नवंबर को हमने सिलक्यारा टनल में फंसे हुए अपने 41 श्रमवीरों को सकुशल बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की जो दुनिया के लिए एक नजीर बन गई। ये सभी साथी आपदा प्रतिरोधी इच्छाशक्ति के सबसे बड़े उदाहरण थे। इस मिशन की सफलता के केन्द्रबिन्दु में भी केंद्र और राज्य सरकार का बेहतर समन्वय रहा। यह मिशन दर्शाता है कि आपके पास कुशल और सुदृढ़ नेतृत्व के होने के क्या लाभ होते हैं। उन्होंने कहा कि साल के अंत में राज्य सरकार ने "ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट" का सफल आयोजन किया। यह आयोजन सशक्त उत्तराखण्ड के स्वप्न को साकार करने और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 21वीं शताब्दी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के संकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आयोजन के दौरान ही लक्ष्य से अधिक के एमओयू और ग्राउंड ब्रेकिंग से इस आयोजन की सफलता का अंदाजा लगाया जा सकता है। उत्तराखण्ड को निवेश और उद्योग अनुकूल राज्य बनाने के लिए 30 से अधिक नीतियों का निर्धारण एवं पुनर्गठन किया गया है। अब सबसे महत्वपूर्ण कार्य है कि किस प्रकार इन नीतियों के सफल क्रियान्वयन से निवेश को धरातल पर उतारा जाए। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि इस पूरी प्रक्रिया का लाभ हमारे युवाओं को मिले, हमारी उच्च शिक्षा प्रणाली में इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि युवाओं को शिक्षित के साथ साथ स्किल्ड भी बनाया जाए, उत्तराखण्ड में स्किल्ड युवाओं की भरमार है, इसलिए इस पूरे कार्यक्रम के सबसे लाभार्थी भी इन्हीं को होना चाहिए। इस आयोजन को आयोजन इकोनॉमी, इकोलॉजी, एथिक्स और इम्प्लॉयमेंट का संगम बनाना हम सबका कर्तव्य है। राज्यपाल ने कहा कि तकनीकी और वैज्ञानिक नवाचार के साथ, भारत महत्वपूर्ण आर्थिक विकास के मार्ग पर प्रगतिशील है। मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत अभियान, स्मार्ट सिटी मिशन ऐसी पहल हैं जिनसे देश के विकास को और गति मिल रही है। साथ ही हमारे सामने यह अवसर भी है कि हम विभिन्न क्षेत्रों में विकास पहलों की योजना बनाने, और डिजाइन बनाते समय ही आपदाओं के जोखिमों को कम करने की प्रक्रियाओं को भी साथ में लेकर चलें। राज्यपाल ने कहा कि यह स्पष्ट है कि "को-ऑपरेट, कॉर्पोरेट और कम्यूनिटी" की विशेष भागीदारी से ही विकास की कहानी लिखी जा सकती है। "सुदृढ़, समृद्ध एवं स्वावलंबी" भारत का निर्माण राष्ट्र के स्वप्न हैं और हम सबका संकल्प है। जिस प्रकार 2023 में हम सभी उत्तराखण्ड वासियों ने ईमानदार प्रयासों से कार्य किये हैं, हमें शपथ लेनी चाहिए कि इस क्रम को 2024 में और तेज गति के साथ आगे ले जाएँ। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हर भारतवासी कृत संकल्पित है, आने वाला समय भारत के उत्तरोत्तर प्रगति का हो, इसके लिए हम सभी को आज से ही कार्य करना है, इसलिए प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि "यही समय है, सही समय है" जिसे हम सभी को चरितार्थ करना होगा ।

## उत्तराखंड परिवहन निगम ने दिए अनुबंधित बसें चलाने के आदेश

देहरादून(उद संवाददाता)। नए मोटर दुर्घटना कानून के विरोध में रोडवेज बस सेवा प्रभावित होने पर परिवहन निगम ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। निगम ने आदेश जारी किया है कि अगर मंगलवार से निर्धारित शेड्यूल पर अनुबंधित बसें उपलब्ध न कराई गईं तो प्रति बस प्रतिदिन 50 हजार रुपये का जुर्माना लगेगा।निगम के मंडलीय प्रबंधक संजय गुप्ता ने आदेश में कहा है कि इससे एक ओर जहां यात्री परेशान रहे तो वहीं परिवहन निगम की छवि धूमिल हुई। निगम को आर्थिक हानि भी हुई। उन्होंने इसे अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन बताया है। सभी अनुबंधित बसों के मालिकों को निर्देश दिया है कि तत्काल समय सारिणी के हिसाब से बसें चलाएं। इसकी सूचना केंद्र प्रभारी को उपलब्ध कराएं। अगर बस न भेजीं तो 50 हजार रुपये प्रतिदिन प्रति बस के हिसाब से जुर्माना लगेगा जो कि निगम उनके बिल से काट लेगा। साथ ही अनुबंध खत्म करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी जाएगी। सोमवार को बस संचालन ठप होने के दौरान आईएसबीटी पर कई चालक परेशान भी दिखे। उनका कहना था कि रोजी रोटी के लिए वह बस चलाने को तो तैयार हैं लेकिन देशभर में चल रहे विरोध के बीच अगर कहीं कोई अनहोनी हो गई तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। अगर उत्तराखंड से बाहर बस ले गए और किसी अन्य राज्य में दूसरे परिवहन व्यावसायियों ने कोई नुकसान कर दिया तो क्या होगा। इस वजह से वह सोमवार को बस नहीं चला पाए।

## आईओसी,एचपी और भारत गैस के सभी चालक हड़ताल पर

रूड़की। केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून के विरोध में थिथौला स्थित आईओसी, एचपी और भारत गैस के सभी चालक चक्का जाम कर हड़ताल पर रहे। तीनों डिपो के चालकों के हड़ताल पर रहने से गढ़वाल मंडल में तेल और गैस का संकट गहराने का खतरा मंडराने लगा है।थिथौला स्थित इंडियन ऑयल कारपोरेशन में 150 से ज्यादा गाड़ियां गढ़वाल मंडल में पेट्रोल, डीजल और कैरोसिन की सप्लाई करती है। इसी के बराबर में हिंदुस्तान पेट्रोलियम में भी करीब 100 गाड़ियां राज्य में डीजल, पेट्रोल और कैरोसिन की सप्लाई करती है। थिथौला में भारत गैस का डिपो है। यहां पर भी करीब 100 गाड़ियां राज्य में एलपीजी की सप्लाई करती हैं।तीनों



डिपो के चालक हिट एंड रन कानून के विरोध में चक्का जाम कर हड़ताल पर चले गए हैं। चालकों का कहना है कि जब तक केंद्र सरकार इस नए कानून को रद्द करने का एलान नहीं करती, वह काम पर नहीं लौटेंगे। आईओसी डिपो के टीएम किशोर रावत का कहना है कि चालक बिना लेटर दिए ही हड़ताल पर गए हैं। चालकों को पहले इस संबंध में लेटर देना चाहिए था। नए कानून के विरोध में प्रदर्शन करने वाले चालकों में इकराम, नौशाद, मुसर्रत, सद्दाम, साजिद, नूर मोहम्मद, समून, भूरा, ताजीम, मुजीब, सोनू, रिजवान, अहमद हसन, शकील आदि शामिल रहे।

## हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर जिले में छाया घना कोहरा, बढ़ी ठंड

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश में छाया कोहरा लोगों को सता रहा है। सुबह घरों से निकलने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा। खासतौर पर वाहन चालकों के सामने इस समय चुनौती है। प्रदेश के कुछ जिलों को छोड़ अधिकतर जिलों में आज कोहरा छाया हुआ है।बीते कुछ दिनों से सता रहा कोहरे का सितम इस सप्ताह भी जारी रहेगा। बारिश और पहाड़ों पर बर्फबारी न होने से सूखी ठंड खूब सताएगी। हालांकि, दिन में मौसम शुष्क रहने से ठंड का अहसास होगा। इसके साथ ही दिन के अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस का इजाफा देखने को मिलेगा।मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से मंगलवार को हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर जिले में सुबह और रात को घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया था। जबकि, प्रदेश के अन्य जिलों में मौसम शुष्क होने की संभावना जताई गई थी। सोमवार को दून का अधिकतम दो डिग्री बढ़ोतरी के साथ 21.4 डिग्री सेल्सियस रहा। पंतनगर का तापमान एक डिग्री इजाफे के साथ 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मुक्तेश्वर का तापमान दो डिग्री बढ़ोतरी के साथ 14.5 और नई टिहरी का तापमान एक डिग्री इजाफे के साथ 16.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## किशोरी के साथ दोस्ती कर किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

देहरादून। किशोरी के साथ दोस्ती के बाद दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने बताया कि आरोपी युवक पिछले तीन सालों से उनकी बेटी की अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता रहा। किशोरी के पिता ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार एसओ रायपुर कुंदनराम ने बताया कि पीड़िता के पिता ने बताया कि उनकी 15 साल कि बेटी पिछले कुछ समय से परेशान चल रही थी। पूछताछ के बाद बेटी ने बताया कि एक युवक पिछले तीन सालों से उसकी अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। आरोपी की पहचान बिलाल पुत्र कासिम हाल निवासी वाणी विहार मूल निवासी बिजनौर के रूप में हुई। पीड़िता ने बताया कि तीन साल पहले उसकी दोस्ती युवक से हुई थी। इसके बाद उसने किशोरी को झांसे में लेकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने किशोरी की अश्लील वीडियो बना ली। जानकारी के अनुसार मामले को लेकर एसओ रायपुर कुंदनराम ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## नए साल का जश्न मनाने मुनस्यारी आए युवक की मौत

पिथौरागढ़ । न्यू ईयर सेलीब्रेट करने के लिए दोस्तों के साथ लखनऊ से पिथौरागढ़ के मुनस्यारी आए युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पिथौरागढ़ आने के बाद से ही युवक की तबीयत बिगड़ गई थी। डॉक्टरों की काफी कोशिशों के बाद भी युवक को नहीं बचाया जा सका।मिली जानकारी के मुताबिक लखनऊ के राजाजी पुरम निवासी उत्कर्ष सिंह (26) पुत्र वाईपी सिंह अपने दोस्तों के साथ मुनस्यारी आया था। रविवार शाम ही वो खलियाटॉप पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद से ही उत्कर्ष के सीने में दर्द होने लगा और उल्टी होने लगी। जिसके बाद उसके दोस्त उसे शाम सात बजे करीब सीएचसी मुनस्यारी लाए। सीएचसी मुनस्यारी में रवि शंकर, डॉ. कृष्णा फर्सवान और डॉ. अजय ने युवक की जान बचाने के लिए काफी प्रयास किए लेकिन वो युवक की जान नहीं बचा पाए। सोमवार सुबह साढ़े सात बजे करीब युवक ने दम तोड़ दिया। डाक्टरों का कहना है कि हाई एल्टीट्यूड में ऑक्सीजन की कमी के कारण सांस लेने में दिक्कत थी। जिसके कारण ही उसकी मौत हुई है।

## विजिलेंस ने दवा कंपनी में छापा मारकर फैक्ट्री की सील

देहरादून। देहरादून के सेलाकुई औद्योगिक क्षेत्र के कैंप रोड स्थित एक दवा कंपनी में फूड लाइसेंस पर मल्टीविटामिन बनाए जा रहे थे। सूचना पर ड्रग कंट्रोल विभाग और एफडी (फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) विजिलेंस की टीम ने फैक्ट्रीमें छापामारी की। टीम ने फैक्ट्रीसे मल्टीविटामिन दवाओं के सैंपल लिए। वहीं फैक्ट्रीको सील कर दिया है। सैंपल की जांच में मल्टीविटामिन में दवाओं के सॉल्ट पाए जाते हैं तो कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह जग्गी को सेलाकुई के कैंप रोड स्थित डॉटर फार्मास्युटिकल कंपनी में बिना लाइसेंस के दवाओं के निर्माण की सूचना मिली थी। औषधि नियंत्रक के निर्देश पर बृहस्पतिवार को ड्रग इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह राणा और एफडीए विजिलेंस ने संयुक्त रूप से कंपनी की फैक्ट्रीमें छापा मारा। मौके पर टीम को मल्टीविटामिन के कैप्सूल और टेबलेट मिले। फैक्ट्रीमालिक मौके पर



मौजूद नहीं थे। टीम ने फैक्ट्रीकर्मियों से औषधि निर्माण का लाइसेंस दिखाने के लिए कहा। कर्मचारियों ने टीम को फूड लाइसेंस दिखाया। कर्मचारियों ने कहा कि मल्टीविटामिन में फूड प्रोडक्ट का प्रयोग ही किया जा रहा है। टीम ने कर्मचारियों से स्टॉक और दवा बिक्री के बिल मांगे। कर्मचारियों ने बताया कि हाल में फैक्ट्रीमें उत्पादन शुरू हुआ है। बताया कि अभी फैक्ट्रीमें बनाए गए उत्पाद की बिक्री नहीं की गई है। ड्रग इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह राणा ने बताया कि मल्टी विटामिन में मौजूद घटकों की जांच के लिए सैंपल लिए गए हैं। सैंपल को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद जांच की जाएगी कि मल्टीविटामिन में मानकों के अनुसार फूड प्रोडक्ट का प्रयोग किया गया है या उनमें दवाओं के सॉल्ट भी मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी के मालिक का नाम रमन तनेजा है। वह सहारनपुर के रहने वाले हैं। करीब एक माह पहले फैक्ट्रीमें उत्पादन शुरू हुआ था। उन्होंने बताया कि कंपनी को फिलहाल सील कर दिया गया है।

## शारदा नहर में गिरे युवक को बचाने में चचेरा भाई डूबा

खटीमा। शारदा नहर में सेल्फी लेते समय रविवार को एक युवक नहर में गिर गया। उसे बचाने के लिए नहर में कूदा दूसरा युवक पानी के तेज बहाव में बह गया जबकि सेल्फी लेने के दौरान नहर में गिरा युवक पेड़ की टहनी पकड़कर बच गया। एसडीआरएफ की टीम नहर में युवक की तलाश कर रही है। सोमवार को दूसरे दिन भी युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया है। रविवार शाम झनकईया थाना पुलिस को एक युवक के पूरनपुर मार्ग में शारदा नहर में बहने की सूचना मिली। थानाध्यक्ष रविंद्र बिष्ट ने बताया कि मौके पर पहुंचने पर दिव्यांशु मिश्रा के अपने चचेरे भाई को बचाने के दौरान नहर में डूबने का पता चला। बताया कि रमनगरा, सीतापुर यूपी निवासी 24 वर्षीय दिव्यांशु मिश्रा अपने चचेरे भाई प्रांजल मिश्रा और कटिघरा, महोली निवासी ऋषि मिश्रा, सुमित सिंह और अमरजीत सिंह के साथ कैंची धाम मंदिर, नैनीताल से वापस सीतापुर जा रहे थे। रास्ते में झनकईया से दो किमी दूर पूरनपुर मार्ग पर फोटो खीचने के दौरान प्रांजल नहर में गिर गया जिसे बचाने के लिए दिव्यांशु नहर में कूद गया। प्रांजल तो नहर किनारे पेड़ की टहनी को पकड़ कर बाहर निकल आया, लेकिन दिव्यांशु नहर में बह गया। जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने शारदा नहर किनारे युवक की काफी तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चला। पुलिस ने यूपी के सीमावर्ती थाने माधवटांडा की पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817




किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# युवा देश की महत्वपूर्ण जन शक्तिः पाठक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सचिन कुमार पाठक द्वारा स्वयंसेवियों को विधिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवियों को नशे की लत से दूर रहने की नसीहत दी।उन्होंने कहा कि युवा किसी भी देश की महत्वपूर्ण जनशक्ति है। लेकिन आज हमारे देश में युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है। इसके साथ साथ उन्होंने सड़क सुरक्षा अधिनियम 2023 के बारे में भी स्वयंसेवियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलते समय हमें संयम बरतने की आवश्यकता है तथा सभी को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा ने सात दिवसीय एनएसएस शिविर की विस्तार से रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि स्वयंसेवियों को एक आदर्श नागरिक बनकर देश हित में सेवा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडे , कुलदीप गहलोत, कृपाल सिंह कंबोज, यतेंद्र सिंह , वीरेंद्र ध्यानी, जगदीश भट्ट सहित सभी स्वयंसेवी उपस्थित थे।



# चोरों ने तीन घरों से लाखों के जेवरात उड़ाए

पंतनगर। जीबी पंत विश्वविद्यालय में रविवार की रात परिसर के लोग नए साल का जश्न मना रहे थे, तब चोरों ने कॉलोनी में मात्र सौ मीटर के दायरे में तीन बंद घरों को खंगाल दिया और लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। पड़ोसियों ने गृह स्वामियों सहित सुरक्षा विभाग और पुलिस को चोरी की सूचना दी है। कृषि महाविद्यालय में प्रक्षेत्र सहायक रामदास यादव टा कालोनी के आवास संख्या 1699 में रहते हैं। बीती 28 दिसंबर को उनके पिता की मृत्यु होने के कारण वह सपरिवार अपने पैतृक निवास कुशीनगर (यूपी) चले गए थे। सोमवार सुबह पड़ोसी महेश रामदास के घर की लाइट बंद करने गए तो आवास का कुंड टूटा होने के साथ ही कमरों में सारा सामान बिखरा पड़ा था। इसके अलावा चोरों ने फसल अनुसंधान केंद्र (सीआरसी) में ठेका कर्मी सुनीता आर्या के टा कालोनी स्थित आवास को निशाना बनाया। वह शनिवार की शाम अपने मूल निवास किच्छा चली गई थीं। रविवार की रात चोरों ने दरवाजे का कुंडा तोड़कर उनका पूरा घर खंगाल दिया। इस दौरान चोर बगल में रह रहे एलआईयू कर्मी के दरवाजे का कुंडा बाहर से बंद कर गए। सुनीता ने पुलिस को दी तहरीर में पौनी, गलोबंद, कान के झुमके, तीन जोड़ी टाप्स, पायल व चेन आदि साढ़े चार लाख रुपए के जेवरात चोरी होने की बात कही। गृह विज्ञान महाविद्यालय में प्रधान सहायक के पद से हाल ही में सेवानिवृत्त सुरेंद्र रावत के टा कालोनी में भी चोरी हुई है। वे चार दिन पहले रामनगर गए थे। सुबह पड़ोसियों ने घर का कुंडा टूटा देखकर उन्हें सूचना दी। उन्होंने बताया कि घर में नकदी तो नहीं थी, लेकिन चोर लगभग चार लाख के जेवरात चोरी कर ले गए हैं।

# एसएसपी ने किए कैंची धाम पहुंच कर किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

नैनीताल(उद संवाददाता)। नव वर्ष की आगमन पर सोमवार को एसएसपी प्रह्लाद मीणा ने भवाली के कैंची धाम पहुंचकर उन्होंने बाबा नीम करोली महाराज जी के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया।इस दौरान एसएसपी द्वारा मंदिर दर्शन के उपरांत मंदिर कमेटी के पदाधिकारी एवं श्रद्धालुओं से वार्ता की गई। दर्शन करने आए श्रद्धालुओं एवं स्थानीय जनता से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं यातायात व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक भी लिया।कैंची धाम में तैनात पुलिस अधिकारी/कर्मियों से सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली। सभी को अपनी नैतिक कर्तव्यों के साथ इस पावन धाम में ड्यूटी को पूर्ण सेवाभाव से करने के कहा। दर्शन के लिए आ रहे सभी श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों से शालीनता पूर्वक व्यवहार करने के निर्देश दिए। धाम में उपलब्ध पार्किंग संचालकों से वार्ता कर पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा।



# युवक को बंधक बनाकर लूटा

हरिद्वार। नगर कोतवाली क्षेत्र में हरियाणा से यात्रियों को लेकर आए कार चालक को बदमाशों ने हथियार दिखाकर लूट लिया। बदमाश रातभर उसी की कार में बैठाकर उसको घुमाते रहे। पिन पूछकर एटीएम से 44,500 की नकदी भी निकाल ली। सुबह कार खराब होने पर बदमाश छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, हरियाणा प्रांत के पानीपत के राजनगर निवासी संदीप कुमार ने शिकायत में बताया कि 28 दिसंबर को वह अपने दोस्त के परिचितों को कार से छोड़ने शांतिकुंज हरिद्वार आया था। रात 11 बजे चमगादड़ टापू के पास पहुंचकर लघुशंका करने चला गया। लौटने पर चार लोग कार के पास आए और हथियार के बल पर पहले चाभी छीनी फिर पीछे वाली सीट पर बैठा लिया। आरोप लगाया, आगे ले जाकर पर्स, सोने की अंगूठी और मोबाइल भी छीन लिया। पर्स में रखे दो एटीएम कार्ड निकालकर पिन पूछा फिर पहले 40 हजार और फिर 4500 रुपये खाते से निकाल लिए। रातभर इधर-उधर कार में लेकर घूमते रहे। 29 दिसंबर की सुबह मीरापूर क्षेत्र में कार खराब होने और पुलिस को देख आरोपी भाग निकले। नगर कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# चारों धामों के शीतकालीन पूजा स्थलों का भी हो खूब प्रचार : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

जोशीमठ(उद संवाददाता) । स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि चारों धामों के शीतकालीन पूजा स्थलों की यात्रा का उद्देश्य इन जगह के बारे में लोगों को जानकारी देना था, जिससे लोग वहां जाकर पुण्य अर्जित कर सकें। बदरीनाथ व केदारनाथ में कपाट बंद होने के बाद भी मानवीय गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। इसपर प्रशासन को अंकुश लगाना चाहिए। धामों की मर्यादा बनाए रखना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। कहा कि जोशीमठ में अत्याधुनिक सुविधाओं का अस्पताल बनाने को लेकर प्रक्रिया चल रही है। भूमि चयन का काम हो चुका है। जल्द आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। इस दौरान ज्योतिर्मठ के प्रभारी ब्रह्मचारी मुकुंदानंद महाराज, ज्योतिर्मठ मीडिया प्रभारी डॉ. बृजेश सती, प्रबंधक विष्णु प्रियानंद, यमुनोत्री के रावल अनुरुद उनियाल आदि मौजूद रहे।



# बाहरवाली के खिलाफ महिला ने पुलिस से लगाई गुहार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक पीड़िता ने महिला हेल्प लाईन में शिकायती पत्र सौंपकर अपने पति तथा परिवार को बाहरी महिला के प्रेमजाल से बचाने की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि उसकी पति से जुलाई 2011 में कोर्ट मेरीज हुई थी। उसका एक 8 साल का पुत्र है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति का एक महिला के साथ प्रेम सम्बन्ध है जोकि एक ग्राम की रहने वाली है जिसके चक्कर में पति उसके साथ गाली गलौच व मारपीट एव तरह-तरह से अत्याचार करता है। खर्च के लिऐ कोई पैसा नही देता है। दिन भर उक्त औरत के साथ रहता है। जब उसने उक्त महिला से कहा कि मेरा घर बर्बाद मत करो पर वह नही मानी। मेरा घर बर्बाद करना चाहती है। उसके चक्कर में अब पति तलाक की मांग कर रहा है। पर वह तलाक नही देना चाहती है। जब उसने ससुरालियों से शिकायत की तो वो उल्टा उसके साथ गाली गलौच व धमकी देने लगे।

# संदिग्ध हालत में फांसी पर झूला युवक

हल्द्वानी। संदिग्ध हालत में एक युवक ने फांसी पर झूल की अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंद्रा नगर जीजीआई के पास रहने वाला रोहित गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता रविवार की शाम घर में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दियाफ फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को पीएम के लिए भेजा दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

# नशे के इंजेक्शन के साथ एक दबोचा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पुलिस ने एक और तस्कर को नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ संबंधित धराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। बनभूलपुरा पुलिस को चौकिंग के दौरान मंगल पडाव होते हुए बरेली रोड मेडिकल चौकी गेट के पास पहुचे तो सामने से एक व्यक्ति डिवाइडर पार कर तेज गति से अपने एक हाथ मे एक पालीथीन पकडे रोड पार कर कब्रिस्तान मे दाखिल हो रहा था। तभी पुलिस ने उसे धर दबोचा। उसके पास मिले बैग की तलाशी ली गई तो उसके पास से नशे के इंजेकशन बरामद हुए। पकड़े गए युवक ने अपना नाम शारिक कुरैशी पुत्र उर्फ बल्लू पुत्र मोत्र तैयब निवासी मलिक का बगीचा चेनल गेट के पास बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# लापता अंकित सकलानी को वापस लाने की मांग

## विदेश मंत्री को महिला कांग्रेस कायकर्ताओं ने भेजा ज्ञापन

देहरादून(उद संवाददाता)।प्रदेश महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा ने अंकित सकलानी के लापता होने पर विदेश मंत्री को क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में उन्होने कहा कि उत्तराखंड का एक युवा अंकित सकलानी जो की एक शिप कंपनी में काम करता था के बारे उनके लापता होने का दु:खद समाचार प्राप हुआ है। बताया जाता है कि उसने 1 दिसंबर 2023 को कंपनी सेवा देना आरंभ किया था। शिप कंपनी ने अंकित सकलानी के लापता होने का कारण बताते हुए कहा कि अंकित सकलानी ने शिप से समुद्र में छलांग लगा दी और उसका रेस्क्यू किया जा रहा है। अब कंपनी ने दावा किया कि अंकित की डेड बॉडी मिल गई है। उधर नाविक अंकित सकलानी के घरवाले ये बात विश्वास करने को तैयार नहीं हैं। अंकित की वायरल हुई फोटो में उसके सर पर चोट के निशान दिख रहे हैं। जो संदेह प्रकट कर रहें है। कंपनी द्वारा जो कारण आत्माहत्या के बताये जा रहें है उस पर विश्वास नहीं किया जा सकता। उन्होंने ज्ञापन में अनुरोध किया कि अंकित सकलानी के लापता होने के संबंध संबंधित कंपनी के मुंबई कार्यालय सहित कंपनी के विदेश में स्थित मुख्यालय से स्पष्टीकरण ले अंकित के परिवार को भी उचित सहायता करने को विदेश में दूतावास को भी हस्तक्षेप करने को कहे जिससे परिवार को भी सहयोग मिल सके वहीं उन्होने ज्ञापन में यह मांग भी कि है कि पहले टर्की सहित विदेश में कार्यरत भारतीयों को कई बार इस तरह के संकट का सामना करना पड़ता है तो उन्हें भारतीय दूतावास व अधिकारियों का उचित सहयोग नहीं मिलता है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी विनय शंकर पाण्ड़े ने महिलाओं के प्रतिनिधि मण्ड़ल को आश्वस्त किया कि वह मंत्रालय को ज्ञापन प्रेषित कर देंगे। इस अवसर पर महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष एवं पार्षद उर्मिला थापा, पार्षद मीना बिष्ट, पार्षद सविता सोनकर, पुष्पा पंवार, रेखा डिंगरा, राधा, अनुराधा तिवारी, संगीता शर्मा, मुन्नी देवी, ममता, कविता आदि दर्जनों की संख्या में महिला उपस्थित रही।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का उद्घाटन

पन्तनगर(उद संवाददाता)। आदर्श राजकीय बालिका इण्टर कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का उदघाटन कालेज की प्रधानाचार्य श्रीमती शाइस्ता जमाल अंसारी के निर्देशानुसार किया गया। समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि डा0 छाया शुक्ला प्रोफेसर पन्तनगर विश्वविद्यालय तथा विशिष्ठ अतिथि श्री अंगद सिंह, अध्यक्ष, विद्यालय प्रबन्ध समिति द्वारा किया गया । अतिथियो द्वारा दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । स्वयं सेविकाओ ने बैच अलंकरण कर अतिथियो का स्वागत किया तथा एन0एस0एस0 प्रभारी श्रीमती बिमला कापडी द्वारा अतिथियो को पुष्प गुच्छ भेट कर उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया तद्पश्चात स्वयं सेविकाओ द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया । इसके उपरान्त प्रभारी द्वारा सात दिवसीय शिविर का नियोजित कार्यक्रम का विवरण दिया गया स्वयं सेविका पूजा पनेरू ने एन0एस0एस0 पर अपने विचार प्रस्तुत किये । डा छाया शुक्ला ने छात्राओ को इस शिविर के उद्देश्यो को समझाते हुए शिविर के सफलता हेतु शुभकामनाये दी गयी श्री अंगद सिंह ने भी छात्राओ का मार्ग दर्शन कर शुभ कामनाये दी । इस अवसर पर पन्तनगर के समाजसेवक संदीप वर्मा , श्रीमती पुष्पा उप्रेती, विनोद आर्या, हरीश जोशी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कालेज की शिक्षिका श्रीमती इन्दुपाण्डे द्वारा किया गया।



# मुख्य सचिव और डीजीपी ने सीएम धामी से की भेंट

## मुख्यमंत्री आवास में शासन और पुलिस के अधिकारियों ने सीएम से भेंट कर दी नव वर्ष की शुभकामनाएं







देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से नववर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में मुख्य सचिव डॉ. एस.एस संधु के नेतृत्व में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों तथा पुलिस महानिदेशक श्री अभिनव कुमार के साथ पुलिस अधिकारियों ने भेंटकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को नववर्ष की बधाई देते हुए ईश्वर से कामना की कि नववर्ष में सभी के प्रयासों के साथ प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में हम सब सहयोगी हैं।उन्होंने कहा कि आम जनता के हित में संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से हो इसके लिए हमें जनता से समन्वय तथा योजनाओं को समयबद्धता के साथ धरातल पर उतारने के प्रयासों पर भी ध्यान देना होगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, श्री आनंद बर्द्धन, डी.जी.पी. श्री अभिनव कुमार सहित वरिष्ठ आई.ए.एस. एवं आई.पी.एस. अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से नववर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी एवं प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए लोगों ने भेंट कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नव वर्ष पर हम सभी को नए संकल्प के साथ आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेशवासियों के योगदान से उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाया जायेगा। उन्होंने सभी से राज्य के विकास में सहयोगी बनने की भी अपेक्षा की।

## कैबिनेट मंत्रियों व अधिकारियों ने राज्यपाल से की भेंट



देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से नव वर्ष 2024 के अवसर पर राजभवन में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल व कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भेंट कर नव वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व राज्यपाल से प्रदेश के वरिष्ट अधिकारियों, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों सहित राजभवन के अधिकारियों ने भेंट कर नव वर्ष की बधाइयाँ दी। राज्यपाल ने भी सभी को नए साल की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तराखण्ड को नए साल में नए संकल्प के साथ उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, डीजीपी अभिनव कुमार सहित वरिष्ठ आईएएस, आईपीएस, आईएफएस अधिकारीण मौजूद रहे।

## भारतीय वन सेवा के अधिकारियों ने सीएम धामी से की मुलाकात



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से नववर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में प्रमुख वन संरक्षक श्री अनूप मलिक के नेतृत्व में भारतीय वन सेवा के अधिकारियों ने भेंटकर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी को बधाई देते हुए अधिकारियों से अपने दायित्वों का निर्वहन बेहतर ढंग से किए जाने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण जन समस्याओं के समाधान के लिए सजगता से कार्य करें ताकि शासन प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। इस अवसर पर वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी बीएल राणा एवं पीसीएस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. ललित नारायण मिश्र ने मुख्यमंत्री से एसोसिएशन के 19 व 20 जनवरी को आयोजित वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में समय प्रदान करने का भी अनुरोध किया।

# हैरान और परेशान 'बाघ' जायें तो जायें कहाँ?

### आखिर किसकी होगी जवाबदेही, भोजन तलाश में भटकते बाघों के व्यवहार में आया काफी बदलाव
### वन विभाग को जंगलों में साकाहारी वन्यजीओं के लिए चारागाह और टास्क फोर्स बनाने की भी जरूरत

रामनगर (उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में पिछले कुछ समय से हर तरफ बाघ और गुलदारों के आतंक की घटनायें बढ़ती जा रही है। बाघ और गुलदार का नाम सुनते ही आजकल लोग सहम जाते हैं। 71 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र वाले उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में पिछले कुछ समय में गुलदार की दहशत बढ़ गई है। गुलदार घात लगाकर महिलाओं, बच्चों या पालतू पशुओं को अपना शिकार बना रहा है। अब तो स्थिति यह है कि गुलदार घर में घुस कर बच्चों को उठा रहा है। इसके कारण ग्रामीण इलाके में बच्चे कई–कई दिन स्कूल नहीं जा पाते। कई गांव सिर्फ इसलिए खाली हो गए कि वहां रहने वाले लोग अब गुलदार का निवाला नहीं बनना चाहते। प्रदेश में गुलदार की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है, ऐसे में भोजन–पानी की तलाश इन्हें जंगल से बाहर रिहायशी इलाकों तक ला रही है। कुमांऊ के सबसे बड़े रामनगर जिम कार्बेट टाईगर रिर्जव क्षेत्र में वन्यजीवों और मानव संघर्ष की घटनाओं की रोकथाम के लिये व्यापक रूप से कार्ययोजना बनाने को लेकर बड़ी चुनौती खड़ी हो चुकी है। खासकर कोर्बेट से सटे हुए क्षेत्रों में रात्रि में बाघ के घूमने के वीडियो काफी वायरल हो रहे हैं चाहे वो सुंदरखाल मोहान के हों या सीताबनी के और इन वीडियो के माध्यम से लोगों को बताया जा रहा है कि संभल के जाना बाघ घूम रहा है। बाघ का दुर्भाग्य है कि उसे दिन में तो छोड़ो रात में भी स्वच्छंद विचरण नहीं करने दिया जा रहा है । सोशल मीडिया के माध्यम से सबको पता है कि रात को बाघ कहाँ घूम रहा है और कहाँ उसको देखने के चांस ज्यादा है खासकर जो बाहर के यूट्यूबर और ब्लॉगर या नाईट सफारी के शौकीन हैं उनके लिए तो इससे अच्छा कंटेंट तो और कोई हो ही नहीं सकता और दुखद बात ये है कि स्थानीय लोग दो पैसे के लालच में ऐसे लोगों को नाईट सफारी करवा रहे हैं और उन्हें पैदल भ्रमण भी करवा रहे हैं जो सरासर गलत है । वैसे ही मानव वन्य जीव संघर्ष अपने चरम पर है और ऐसे में कोई घटना घट जाए तो जवाबदेही किसकी होगी ? रिंगोरा से ढिकुली और गर्जिया से लेकर मोहान और रामनगर से पाटकोट तक खासकर के रात में वन्य जीवों की आवाजाही काफी रहती है पर बेतरतीब बनते होटलों ने इनके रात्रि में होने वाले स्वच्छंद विचरण में रोक लगा दी है। रात भर इन सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है और बची कुची कमी रात में घूमने वाले बाघ के शौकीन पूरी कर देते हैं। सरकार को भी इनकी कोई सुध नहीं है उसे तो बस अपने राजस्व से मतलब है इसलिए हर रोज नये सफारी जोन खोले जा रहे हैं इस से बाघों व अन्य जानवरों पर क्या प्रभाव पड़ेगा इससे उनको कोई सरोकार नहीं है। सस्टेनेबल टूरिज्म की जो परिभाषा थी वो अब कमाऊँ टूरिज्म में बदल गई है। इंसानी दखल दिनों ब दिन बढ़ता ही जा रहा है जिससे बाघों के व्यवहार में काफी बदलाव देखने को मिल रहे हैं और मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं में इजाफा रहा है। जंगल किनारे गाड़ी खड़ी करके या जंगल में घुस के पार्टी करने का फैशन चल चुका है। विभाग को हाईवे टास्क फोर्स की सख्त जरूरत है । जो ऐसे लोगों पर कार्यवाही कर इन पर लगाम लगाये। एक तो बाघों की संख्या बढ़ने से उनके रहने का क्षेत्रफल सिकुड़ गया है और और ऐसा नहीं है कि हर जगह उनके शिकार की पूर्णतह उपलब्धता है कई जगह ऐसी है जहां उनके प्राकृतिक शिकार हिरणों की संख्या काफी कम है या कम होती जा रही है। जिस तेजी से लेंटाना घास (कूरी) ने पूरे जंगल को अपने आगोश में कर लिया है, शाकाहारी जानवरों से उनका आहार छिन गया है अधिकतर चारागाह कूरी के जंगल में बदल गई है और इसका असर उनकी संख्या पर भी पड़ा है और भोजन की तलाश में उनका पलायन भी हुआ है और यही हाल बाघ का भी है भोजन की तलाश में वे एक दूसरे की सीमाओं को लांघ रहे हैं जिससे उनके बीच आपसी संघर्ष बढ़ रहा है और बीते साल राज्य ने 22 बाघों को खोया है जो 2022 की तुलना में कई गुना अधिक है। और वैसे भी जाड़ों में मेटिंग सीजन के चलते बाघ साथी की तलाश में काफी सक्रिय रहते हैं और काफी मूवमेंट करते हैं और ऐसे समय अलग अलग कारणों के चलते उनकी मनोदशा सामान्य से अलग होती है,क्षेत्र और मेटिंग के लिए बाघों के बीच आपसी संघर्ष बढ़ जाता है इसलिए उनके व्यवहार में आक्रमकता ज्यादा होती है जिसके फलस्वरूप मानव बाघ संघर्ष की घटनायें जाड़ों में ज्यादा देखने को मिलती हैं। जंगलों में मानवीय दखल ज्यादा होने की वजह से कभी कभी ये उस दबाव को झेल नहीं पाते परिणाम इंसानी मौत के रूप में सामने आता है और ये घटनाएँ जंगल में ही घटित होती हैं , उनके घर में घटित होती हैं। ऐसा कम ही सुनने में आता कि बाघ ने घर में घुस के इंसान को मार दिया तो कहाँ तक बाघ को हिंसक घोषित करना न्यायोचित है इंसान भी बराबर का जिम्मेदार है। अपने ही घर में उनको चेन से नहीं रहने दिया जा रहा है वो जाये तो जाये कहाँ ? मानव वन्य जीव संघर्ष कभी खत्म होने से रहा ना गाँव वालों से जंगल जाना छोड़ना है ना नेताओं ने इसका राजनीतीकरण करना छोड़ना है और ना ही सरकार ने कभी इसे गंभीरता से लेना है। इंसानी जीवन बहुमूल्य है पर उनकी जान की कीमत पर नहीं ,हमारी तरह उनको भी बराबर जीने का अधिकार है और हमारी गलतियों की सजा निर्दोष प्राणी क्यूँ भुगते। बाघ के शिकार हुए इंसानों के प्रति गहरी सहानुभूति होनी चाहिए और ऐसे पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए और रोजगार से जोड़कर उनको मुख्यधारा में लाना चाहिए पर इसके साथ साथ हर कीमत पर बाघ को भी बचाना चाहिए और इसके लिए सरकार को दृढ़ इच्छा दिखाकर कोर्बेट से बाघों को अन्य पार्कों में शिफ्ट करके कोर्बेट को उसकी आदर्श स्थिति ( कोर्बेट के क्षेत्रफल के हिसाब से 150–175 बाघ वर्तमान में 250 से ऊपर बाघ ) में लाना होगा ताकि बाघों के बीच आपसी संघर्ष व मानव वन्य जीव संघर्ष में कमी लायी जा सके।







कार्बेट टाईगर पार्क में बाघ के विचरण की सभी तस्वीरें (साभार: दीप रजवार फोटोग्राफी की पोस्ट से)

# नये साल में बेहड़ ने किया दो सड़कों का लोकार्पण

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड ने अपनी विधानसभा किच्छा के अंतर्गत केन्द्रीय विशेष सहायता योजना तथा राज्य योजना से निर्मित कराई गई दो सड़कों का लोकार्पण किया जिनकी कुल लागत लगभग 4 करोड़ 45 लाख रूपये है, इसके तहत केंद्रीय विशेष सहायता योजना के अंतर्गत नगला लालपुर मार्ग का बी०सी० द्वारा नवीनीकरण जिसकी लंबाई 9.6 किलोमीटर तथा लागत 3.35 करोड़। राज्य योजना के तहत दक्ष चोराहा (फुलसुंगा) से गंगापुर-नारायणपुर मोड़ तक मार्ग का एस०डी०बी०सी० द्वारा नवीनीकरण जिसकी लम्बाई 4.66 किलोमीटर लागत 109.85 लाख के लोकार्पण फीता काटकर किये । इस दौरान विधायक तिलकराज बेहड़ ने सभी क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि नव वर्ष किच्छा विधानसभा के लिए भी और अधिक बेहतर रहे अपनी






तरफ से भी वो इसके लिए और अधिक प्रयास करेंगे और इस वर्ष विकास के और नए-नए आयाम किच्छा विधानसभा में स्थापित किये जाने और किच्छा विधानसभा को एक आदर्श विधानसभा बनकर प्रदेश में उभरे वे इस लक्ष्य को लेकर हमेशा प्रयासरत्त है। इससे पूर्व सभी ग्रामवासियों ने विधायक बेहड़ का अपने-अपने गाँव फुलसुंगा दक्ष चौराहा में तथा लालपुर में रामेश्वरपुर मोड़ पर फूल-मालाओं से लादकर विधायक बेहड़ का स्वागत किया तथा सड़कों के बनाये जाने हेतु धन्यवाद किया द्य ग्रामवासियों ने कहा कि ये सड़के काफी समय से जर्जर अवस्था में थी विधायक बेहड़ जी के प्रयासों से ही इन सड़कों का निर्माण हो पाया है। इसके पश्चात विधायक बेहड़ ने अपने किच्छा कार्यलय पहुचकर क्षेत्रवासियों से भेंट की व जनता संवाद के तहत उनकी समस्याएं सुनी इस दौरान क्षेत्र वासियों ने उन्हें राशन कार्ड, पेंशन, बिजली, आर्थिक साहयता दिलाये जाने जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी।इस दौरान रेशमा कौर निवासी ग्राम धोराडाम ने राशन कार्ड बनाये जाने,कुसम किच्छा निवासी ने आर्थिक सहायता दिलाये जाने तथा कनकपुर निवासी गुरबचन सिंह ने नाली निर्माण कराये जाने तथा सोलर लाईट लागए जाने की मांग रखी। बेहड ने सभी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना अधिकाँश समस्याओं का निश्तारण मौके पर ही किया गया तथा शेष संबंधित समस्याओं के निश्तारण हेतु अधिकारियों को आदेशित किया। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, किच्छा निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,लालपुर कांग्रेस नगर अध्यक्ष नरेश खुराना, बाबा बेदी, सुरेश गौरी,शिशुपाल सिंह,अशोक चुघ,मेजर सिंह, प्रधान परमिंदर सिंह, गुरदास कालड़ा,रणजीत सिंह पूर्व प्रधान, हरविंदर सिंह मोंटी,रामकुमार सिंह, रणजीत सिंह,नरेंद्र कामरा,डाक्टर गिल, आशीष छाबड़ा,सोम मुंजाल ,प्रधान चन्द्र प्रताप सिंह,राकेश त्रिपाठी, रणजीत नगरकोटी, नवीन सिंह,शारदानन्द ,श्री राम शर्मा,शरीफ हाजी,परवेज मलिक,अनुग्रह त्रिपाठी,पूर्व प्रधान अकील अहमद, भोलू शाही,बलराम सिंहमुन्ना तिवारी,जोगेंद्र चोहान,अनिल शर्मा,वीरेंद्र कुमार,हरीश जोशी,निशांत शाही,जितेंदर पाण्डेय,सुधीर प्रताप,परमहंस,राकेश सिंह,बंटी गाबा,निशांत शाही,इमरान मलिक, जमील अहमद,राजकुमार चिलाना, डाक्टर कार्तिक,देवेन्द्र सिंह, प्रवेश गंगवार आदि लोग उपस्थित रहे।

# सरस मेला दस जनवरी से, सीएम करेंगे उदघाटन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने सोमवार को आगामी 10 जनवरी से 20 जनवरी तक गांधी पार्क में आयोजित होने वाले सरस मेलें की तैयारियों की समीक्षा बैठक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में ली। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सरस मेलों को ग्रामीण विकास का उत्सव कहा जाता है और इस उत्सव का शुभारम्भ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा 10 जनवरी को किया जायेगा। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास के इस उत्सव को भव्य एवं दिव्य रूप सम्पन्न कराया जाये और मेले के सफल आयोजन हेतु किसी भी स्तर पर कोई भी कमी शेष न रहे। उन्होंने सरस मेले में प्रतिदिन नई-नई गतिविधियों हेतु मंच साझा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उद्यमि भी स्टॉल लगा सकते हैं।उन्होंने रैली मार्ग सहित सरस मेले की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबन्द करने तथा मेले में एक अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित करने के निर्देश पुलिस



विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने नगर निगम को पार्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य समय से पूर्ण करने तथा सफाई व्यवस्था दुरस्थ रखने के निर्देश दिये। उन्होंने एनएच के अभियंताओं को गांधी पार्क के पास फुटपाथ समतलीकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को किसी भी अनहोनी के दृष्टिगत खतरनाक पेड़ चिन्हित करते हुए हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने सीएम भ्रमण मार्ग पर विद्युत तथा बीएसएनएल के अधिकारियों को झूलते हुए तार सही करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों की लिस्ट तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्पूर्ण सरस मेले के सफल आयोजन हेतु परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी को नोडल अधिकारी तथा लाभार्थियों की लिस्ट तैयार करने हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी व्यौमा जैन को नोडल अधिकारी नामित किया। उन्होंने नगर आयुक्त, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायतीराज अधिकारी, महाप्रबन्धक उद्योग, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी, डीओ पीआरडी, सहायक निदेशक मत्स्य, मुख्य उद्यान अधिकारी, मुख्य कृषि अधिकारी, जनपद की चीनी मिलों के अधिशासी निदेशक एंव महाप्रबन्धकों को अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित दायित्व सौंपे। उन्होंने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वनह पूरी निष्ठा एवं तत्परता से करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ल, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, अधिशासी निदेशक एवं जीएम चीनी मिल टीएस मर्तोलिया, विवेक कुमार, हरबीर सिंह, उप जिला अधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ किया नव वर्ष का स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। डायनेमिक गार्डन सिटी में नव वर्ष का स्वागत रंगारंग कार्यक्रमों के साथ किया गया। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला देर रात तक चला। बच्चों की प्रस्तुति को सभी ने जमकर सराहा। रात 12 बजे घड़ी



12 बजते ही सभी लोगों ने एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी और सभी के लिए खुशहाली की कामना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से होशियार कोहली,राजीव तिवारी, सुधा तिवारी,रामेश्वर चौहान,कमलेश मिश्रा,शुशील विश्नोई, आई पी सिंह,गणेश जोशी,जयराम विजय प्रसाद,रविन्द्र संजीव तोमर,जोगेंद्र सिंह, राहुल देव,मदन मोहन पांडे,लखविंदर सिंह,धर्मेंद्र चौहान आदि लोग शामिल रहे।

# घर-घर वितरित किये पूजित अक्षत

गदरपुर(उद संवाददाता)। अयोध्या धाम श्री राम मंदिर में संत महापुरुषों द्वारा पूजित अक्षत और श्री राम का चित्र व विवरण पत्रिका आदि सामग्री सोमवार को आवास विकास में वितरित किए गए। अयोध्या से पहुंचे नक्षत्र समेत सामग्री को 15 जनवरी तक घर-घर जाकर वितरण किया जाएगा। जानकारी देते हुए शिव पार्वती मंदिर कमेटी के महामंत्री सतीश छाबड़ा ने बताया की 22 जनवरी को अयोध्या में राम लाल के मंदिर में विराजमान होने पर आवास विकास स्थित श्री शिव पार्वती मंदिर में पूजा अर्चना कीर्तन भजन और गुणगान करने के साथ-साथ ही मंदिर को भव्य रूप से सजाकर दिवाली जैसा उत्सव मनाया जाएगा।



पूजित अक्षत वितरण में शिव पार्वती मंदिर कमेटी के पदाधिकारी महामंत्री सतीश छाबड़ा, उपाध्यक्ष निर्मल नारंग, धीरज इसपूजानी,कोषाध्यक्ष रमन छाबड़ा, अजय आहूजा, कुणाल नारंग, हनुमत भुडडी, जतिन, रोहित आदि उपस्थित थे।

# लघु व्यापारियों ने गर्जिया मंदिर में बांटा भंडारा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लघु व्यापारी एसोसिएशन महानगर इकाई द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में लागू व्यापारियों द्वारा मां गिरिजा देवी के दर्शन कर विशाल भंडारा का वितरण किया गया। इस मौके पर व्यापारियों ने महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा का जन्मदिन मनाते हुए मां गर्जिया से उनके दीर्घायु की कामना की और केक काटा। महानगर अध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि लघु व्यापारी एसोसिएशन द्वारा पिछले कई वर्षों से नव वर्ष के उपलक्ष्य में मां गर्जिया देवी मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे सभी लघु व्यापारी सहयोग करते हैं। इस मौके पर दूर दूर से आए मां भक्तों



ने भंडारा प्रसाद ग्रहण कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे के सेवा करने वालों में सुरेश शर्मा, सुभाष गुप्ता, सुभाष रस्तोगी, प्रहलाद सिंह, अशोक रस्तोगी, आकाश पाल, आनंद बासु, बाबूराम, राकेश राठौर, गौतम रस्तोगी, ह्रदयेश पाल आदि लघु व्यापारियों के साथ उनके परिजन भी शामिल थे।

# अवैध शराब सहित तीन गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से अवैध कच्ची शराब के तीन कारोबारियों को दबोचकर 45 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कारोबारी का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने यादव सभा के पास से संदिग्ध में चहल कदमी करते हुए मोहल्ला बांसफोड़ान निवासी राजेंद्र पुत्र फूल सिंह को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 12 लीटर जहरीली कच्ची शराब बरामद किया। इसी तरह एक अन्य मामले में गश्त के दौरान पुलिस ने गड्ढा कॉलोनी के पास से उपरोक्त मोहल्ला निवासी फैजान पुत्र नन्हे को शक के आधार पर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 13 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। ऐसे ही क्षेत्र में सक्रिय कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाएं अभियान के क्रम में ग्राम सरकड़ी, केलाखेड़ा व हाल कुंडेश्वरा निवासी बलवीर सिंह पुत्र सुरेश सिंह को जैतपुर रोड पर पोल्ट्री फार्म के पास से शक्ति आधार पर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 लीटर जहरीली शराब बरामद किया। पकड़े गए तीनों शराब कारोबारियों से जरूरी जानकारी जुटाने के बाद पुलिस ने धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# खेल महाकुंभ में रूद्रपुर के हरीश ने जीता स्वर्ण और कांस्य पदक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के अंतर्गत दिव्यांग वर्ग में रूद्रपुर के हरीश चौधरी ने स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया है। हरीश चौधरी ने भाला फैंक और गोला फैंक में अपना शानदार प्रदर्शन किया। देहरादून में इन दिनों प्रदेश स्तरीय खेल महाकुंभ के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। प्रदेश भर से चुने खिलाड़ी इन प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखा रहे है। खेल महाकुंभ के अंतर्गत दिव्यांग खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। प्रदेश भर से आये ढाई सौ से अधिक खिलाड़ियों में



रूद्रपुर के हरीश चौधरी भी शामिल हैं। हरीश चौधरी ने भाला फैंक में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्र्राप्त किया जबकि गोला फैंक में उन्होंने तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया है। हरीश चौधरी के इस प्रदर्शन पर शहर के खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। बता दें इससे पूर्व भी हरीश चौधरी ने विभिन्न खेलों में अपना शानदार प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया है। हरीश चौधरी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनकी सफलता पर शुभकामनाएं देने वालों में दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता,निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, डिसेबल स्पोर्टिंग सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, पैरालंपिक एशोसियेशन उत्तराखंड के सचिव प्रेम कुमार,कुमाऊं विश्वविद्यालय के कीड़ाधिकारी डॉ नागेंद्र प्रसाद शर्मा, निवर्तमान पार्षद विधान राय, निमित्त शर्मा, प्रमोद शर्मा, भुवन गुप्ता, राकेश सिंह, जितेंद्र यादव, शालू पाल, रजनी रावत, अंबर सिंह, विनय विश्वास, बबलू सागर, आयुष तनेजा, सुनील कुमार बाबा, अनु चौधरी, हिमांशु नरूला आदि शामिल हैं।


# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## खालिस्तान समर्थक समूहों की साजिशें

अमेरिका और लंदन में भारत के उच्च राजनयिक कार्यालयों पर हमलों के समय से ही इस बात के स्पष्ट संकेत थे कि उनके पीछे खालिस्तान समर्थकों का हाथ हो सकता है। हालांकि भारत सरकार की ओर से इस मामले में ठोस कदम उठाने के लिए पुख्ता आधार जुटाए जा रहे थे, लेकिन अब राष्ट्रीय जांच एजंसी यानी एनआइए ने उन तैंतालीस खालिस्तान समर्थक आरोपियों की पहचान की है, जो लंदन में भारतीय उच्चायोग और अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित दूतावास पर हमलों में शामिल थे। इस बीच विदेश में भारतीय मिशनों पर हमले के पीछे साजिशों का खुलासा करने के मकसद से एनआइए ने पचास से ज्यादा जगहों पर छापे मारे। इस समूचे मामले में एक अभिन्न तथ्य यह भी है कि अगर अमेरिका, कनाडा या लंदन में कुछ खालिस्तान समर्थक इतनी गंभीर और आतंकी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, तो ऐसे समूहों का कहीं न कहीं से वित्तपोषण होता है। इसी की कड़ियां पकड़ने के लिए केंद्रीय जांच एजंसी खालिस्तानी आतंकी संगठनों को धन मुहैया कराने के मामलों पर भी गौर कर रही है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष 19 मार्च को लंदन में और 2 जुलाई को सैन फ्रांसिस्को में खालिस्तान समर्थक उग्रवादी तत्त्वों ने भारतीय दूतावास पर दो बार हमले किए थे। इसके बाद एनआइए के एक दल ने आगजनी और बर्बरता की घटनाओं की जांच के लिए अगस्त 2023 में सैन फ्रांसिस्को का दौरा किया था। यों कनाडा के साथ-साथ अमेरिका, लंदन और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में खालिस्तान समर्थक तत्त्व सक्रिय रहे हैं, लेकिन हाल के वर्षों में ऐसे समूहों ने अपनी हरकतें तेज कर दी हैं। लंदन और सैन फ्रांसिस्को में भारतीय उच्चायोग और दूतावासों पर हमले के जरिए वे अपने मकसद और अपनी मौजूदगी का संदेश देना चाहते थे। विडंबना है कि भारत पहले से ही इस संबंध में अपनी आशंका से कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन आदि को अवगत कराता रहा है कि वहां खालिस्तान समर्थक समूह आतंकी हमलों को अंजाम दे सकते हैं। मगर ऐसा लगता है कि इन देशों में भारत की आशंकाओं को समय पर महत्त्व नहीं दिया गया। नतीजा सामने है कि अमेरिका और लंदन में सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था के बीच हमलों को अंजाम दिया गया, दूतावास में आग लगाई गई। इससे यही साफ हुआ कि ऐसी आतंकी गतिविधियां संचालित करने वाले तत्त्वों का मनोबल किस स्तर तक बढ़ा हुआ है, साथ ही यह भी पता चलता है कि इन देशों में हर स्तर पर मजबूत माना जाना वाला खुफिया तंत्र होने के बावजूद इन्हें फलने-फूलने का मौका मिला। भारत की ओर से जब कनाडा में खालिस्तान समर्थक समूहों की साजिशों को लेकर सवाल उठाए जाते हैं, तब वहां एक तरह से इसे लेकर उदासीनता ही दिखाई जाती रही है। जबकि देखा जा सकता है कि कनाडा या अन्य कई देशों में रह कर कुछ समूह भारत में खालिस्तान समर्थक अभियानों की जमीन मजबूत करने की साजिश में लगे हुए हैं। यह ध्यान रखने की बात है कि किसी छोटी घटना की अनदेखी ही बड़ी साजिशों को अंजाम देने का आधार बन जाती है। जब दूतावासों पर हमले की घटनाएं सामने आईं, तब कनाडा ने खालिस्तान समर्थकों के विरोध को लेकर सचेत होने की बात जरूर कही, मगर हकीकत यह है कि जब तक भारत के खिलाफ संचालित होने वाली गतिविधियों को रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाएंगे, तब तक ऐसे आश्वासनों का कोई हासिल नहीं होगा।

# अगर भीतरी बदलाव नहीं हो रहा तो नया साल महज संख्या का खेल:आचार्य प्रशांत

ग्रेटर नोएडा। प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक एवं पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशांत ने कहा है कि नया वर्ष महज संख्या का एक अंक हो सकता है वास्तव में अपने पुरानेपन को हटाना ही नया है, संख्या चाहे बदल गई हो पर हमारे स्वार्थ भय, लालच सब पुराने हैं तो नया वर्ष कैसे हो सकता है। प्रख्यात लेखक, विचारक एवं प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक व पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशांत ने नॉलेज पार्क स्थित केसीसी कॉलेज में संत सरिता समागम को संबोधित करते हुए कहा कि जब से सृष्टि की रचना हुई है तभी से पानी भी रहा है तथा प्यास भी रही है लेकिन फिर भी इंसान की प्यास मिटी नहीं है। उन्होंने कहा की प्यास व प्यास में अंतर करना आना चाहिए, प्यास का संबंध पानी से भी है तथा प्यास का संबंध ज्ञान से भी है पानी के होते हुए भी हमारी प्यास क्षणिक भर के लिए तो मिट सकती है उसके लिए अपने अहम को तोड़ना पड़ता है तभी कृष्णत्व प्राप्त होता हैं ,प्यास क्षणिक नहीं चाहिए प्यास रहे ही ना ऐसी प्यास चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें चाहत वही होती है जो हमारे अनुकूल हो सुविधाजनक हो।हम प्यास तो मिटाना चाहते हैं



लेकिन प्यास को बचाना चाहते हैं इसलिए अनुपयुक्त विषय तलाशते हैं जीवन भर हम इसी में उलझ कर रह जाते हैं ।उन्होंने कहा कि सत्य व मेरे सत्य, कृष्ण तथा मेरे कृष्ण में भी बहुत अंतर है हमें कुछ बड़ा चाहिए जिसके आगे हम मिट जाए समर्पित हो जाए। हमारी वरीयता क्या है इसी से स्पष्ट हो जाती है कि हम कौन से कृष्ण को महत्व देते हैं कृष्ण को या मेरे कृष्ण को। उन्होंने कहा कि कृष्ण ने अर्जुन को सिर्फ इसलिए अपना गीता के लिए उपयुक्त माना जब अर्जुन ने अपनी मोहमाया ,परिजनों को छोड़कर कृष्ण के लिए समर्पण कर दिया तब युद्ध के मैदान में गीता उतरकर सामने आई जो कृष्ण हम निर्मित करते हैं वह आपके कृष्ण होते हैं सत्य की लड़ाई मेरे सत्य से होती है यही दुनिया का सबसे बड़ा झूठ है । नव वर्ष को लेकर उन्होंने कहा कि यह महज संख्या का खेल है जब तक हम भीतर से खुद को नहीं बदलेंगे तब तक नया वर्ष हो या पुराना हमें कुछ लाभ होने वाला नहीं है उन्हें कहा कि हम अपने भीतर झांकते ही नहीं है बाहर ही खोजने में लगे रहते हैं यही दुख का कारण बनता है दुख को हटाने के लिए भीतर को समझना जरूरी है यह आता है आत्मज्ञान से, हम जो मूल कारण है उसको नहीं समझते केवल बाहर के कर्म को खोजते हैं बाहर देखने को भक्ति नहीं कहते हैं। आचार्य प्रशांत ने भक्ति की व्याख्या करते हुए बताया कि जो अनुभव कर रहा हो कि वह टूटा हुआ है जिसको प्रतीत हो रहा हो कि कुछ खोया हुआ है, जिसको अपने विभक्त होने का अहसास हो, एक अपूर्णता, बेचेनी स्वीकार करता हो कि भीतर कुछ अधूरापन है वही भक्त है।उन्होंने कहा कि जो कहता है कि सब ठीक चल रहा है आत्मज्ञान की आवश्यकता क्या है उन्होंने अपने आपको जड़ बना लिया होता है जब भी संवेदना आएगी अहसास दुख का ही कराएगी।

## नूतन वर्ष का आगमन...

यू तो पूरे विश्व मे नववर्ष अलग-अलग दिन से मनाया जाता है।परन्तु भारत वर्ष मे भी नये साल की शुरुआत पंचांग के अनुसार मानी जाती है लेकिन अधिकाशंत: देशो मे अंग्रेजी कैलन्डर के अनुसार ही1 जनवरी से नव वर्ष की शुरूआत मानी जाती है।मान्यता है कि यदि साल का पहला दिन यदि उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाए तो सालभर खुशी व उत्साह के साथ पुरा साल बीतता है हमे बीते समय की पुरानी गलतियों को भुलाकर व उससे सीख लेकर नये साल मे ईश्वर से सबकी कुशल होने की ब्लेसिंग करते हुए नये साल की शुरुआत करनी चाहिए। बीतते 2023 वर्ष मे हासिल मील के पत्थर हमारे देश की स्थायी थाती है... धरती, अंतरिक्ष, राजनीति, बढ़ती अर्थव्यवस्था व खेलो मे मिली उपलब्धिया...जैसे 18वे जी20 शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी, चंद्रयान- 3 के चद्रंमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लेन्डिग,हांगझोऊ एशियाई खेलो मे भारत का 107 मेडल तक पहुचना कलात्मक वृहद नये संसद भवन का निर्माण, अयोध्या मे भारतीय कला से सुसज्जित अदभुत श्रीराम मंदिर का निर्माण व अनेक नये एअरपोर्ट व रेलवे स्टेशनो का नवनिर्माण नयी ट्रेनो की शुरुआत महिलाओं व नव-उद्योगों के लिए नयी योजनाओं की शुरुआत, नाटू-नाटू सांग्स व भारतीय फिल्म निर्देशिका कार्तिकीगोन्जाल्वेज द्वारा निर्देशित एलिफेंट विहस्परर्स मूवी को सर्वप्रथम आस्कर अवार्ड प्राप्त होना सबसे लोकप्रिय नेताओ मे शुमार प्रधानमन्त्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदीजी के200करोड़ यूटयूब स्क्राईबर, व भारत का ब्रिटेन को पछाघ्ड़ते हुए तेजी से बढ़ती 5 वी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनना विश्व मे अधिकांश बड़ी कम्पनियो मे सी, ई, ओ, के पद पर भारतीयों का आसीन होना आदि उपलब्धियों ने देश को गौरवान्वित किया है। आबूधाबी में नव मंदिर का निर्माण व विश्व मे बढ़ती भारत की साख हमे विकासशील देश से विकसित देश बनने व पून:विश्व गुरू बनने की और इंगित करती है इसी कड़ी मे नये वर्ष मे हमें सर्वप्रथम अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुये ध्यान व योगासन से जीवन को जोड़े स्वयमेव ही अपनी बीमारियों को दूर करने का प्रयास करे व दवाओ के साइड इफेक्टस से बचने का प्रयास करे नकारात्मक विचारों से दूर रहे पॉजिटिव विचारधारा बनाये रखे,सभी आदर सम्मान करे कुछ नया सीखते रहे व अपने कौशल को विकसित करते हुये अपनी योजनाएं पूर्ण करें व देश व समाज मे अपने काम से बेहतर छाप छोडे‍ अच्छी व बेहतर नींद ले हमेशा तनावमुक्त रहकर हमेशा खुश रहने का प्रयास करे नव वर्ष मे प्रेम,सौहार्द व ज्ञान रूपी प्रकाश से अपने व्यक्तित्व को आलोकित करने का प्रयास करे तथा दुसरो को भी इसका लाभ दे नये वर्ष में अपने जीवन को जी भरकर खुशी से जीये व जीवन का भरपूर आन्नद ले.. स्वागत है नव वर्ष तुम्हारा। अभिनंदन नव वर्ष तुम्हारा ।। देकर नवल प्रभात विश्व को । करो त्रस्त जगत काअधियारा.. सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं

**-नरेश छाबडा, रुद्रपुर**

# चुनौतियों भरी राह पर नई शिक्षा नीति

नई शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 क्रियान्वयन के चौथे बरस के सफर पर तेजी से अग्रसर है। यह किसी बड़े सपने के साकार होने के मानिंद है। हालांकि, नई शिक्षा नीति की राह अभी चुनौतियों से भरी नजर आती है। इन चुनौतियों से पार पाने को मंथन की दरकार है। बारहवीं के बाद किसी विद्यार्थी के महाविद्यालय या विश्वविद्यालय में प्रवेश करने के बाद वहां से बाहर निकलने की राह को सुगम किया गया है। कम समय में योग्यता की कसौटी पर खरा उतरने के साथ ही पाठ्यक्रम की अवधि को अप्रत्याशित रूप से परिवर्तित किया गया है। यह निश्चित तौर पर अभूतपूर्व कदम है। यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि यदि किसी विद्यार्थी ने प्रथम वर्ष किसी अमुक विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण किया है, लेकिन यदि प्रथम वर्ष के बाद विद्यार्थी वह संबंधित संस्थान को छोड़ देता है, तो उस संस्थान पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इस बात को इस तरह भी समझ सकते हैं कि नई शिक्षा नीति में प्रदत्त प्रावधान के तहत यदि किसी विश्वविद्यालय में 100 विद्यार्थियों की क्षमता है, लेकिन प्रथम वर्ष उत्तीर्ण कर लेने के बाद ही यदि 30 से 40 फीसदी विद्यार्थी संबंधित संस्थान को छोड़ देते हैं, तो ऐसी स्थिति में संस्थान के सामने द्वितीय वर्ष में अपने संसाधनों के प्रबंधन की चुनौती होगी। शिक्षकों से लेकर शैक्षणिक कर्मचारियों एवं संस्थान की अन्यान्य व्यवस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव होगा। अकादमिक स्तर भी प्रभावित होगा। संस्थानों की इस चुनौती के समाधान को मंथन आवश्यक है। धरातल स्तर पर कार्य किए जाने की दरकार है। हमें इस तरह से कार्य योजना बनाने की आवश्यकता होगी। इससे इन संस्थानों में शिक्षकों की संख्या से लेकर दीगर इंस्टीट्यूट्स के बीच संतुलन व्यवस्थित किया जा सके। चुनौती के समाधान के क्रम में पहला है कि पाठ्यक्रम के बीच में संस्थान छोड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या को सीमित या निधारित किया जाए। द्वितीय शुल्क निर्धारण करते समय शुल्क को घटते क्रम में रखे, जिससे संस्थान/पाठ्यक्रम को बीच मे छोड़ने की प्रवृत्ति को घटाया जा सके। अंतत: इसके फलस्वरूप सकल नामांकन अनुपात को 2035 तक वर्तमान 27 प्रतिशत से बढ़ाकर निर्धारित लक्ष्य 50 प्रतिशत तक किया जा सके। इसके क्रियान्वयन के बाद भविष्य की चुनौतियों पर अभी से कार्य योजना बनाकर समाधान की राह तलाशनी है। दूसरे क्रम में अब नई शिक्षा नीति-2020 में प्रदत्त प्रावधान के तहत क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षण कार्य करने पर पुरजोर वकालत की गई है। यह पूरी तरह सबके अनुकूल है। निज भाषा में निश्चित तौर पर विद्यार्थी विषय को बेहतर समझ सकता है। लेकिन दूसरे पक्ष पर गौर करें तो क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई करने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्द्धा में विद्यार्थियों को गंभीर चुनौतियों का सामना करने का अंदेशा है। देश के साथ ही विदेश में भविष्य को आकार देने की मंशा रखने वाले स्टुडेंट्स के सामने भाषा की चुनौती अवरोध बन सकती है। यहां किसी भाषा पर सवालिया निशान नहीं है, लेकिन इस बिंदु पर भी गौर करने की आवश्यकता है, मौजूदा अधिकांश पाठ्यक्रम अंग्रेजी में पढ़ाया एवं लिखाया जा रहा है। भाषा संबंधी यह चुनौती कहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे महत्व को कमतर न साबित कर दे। इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। तीसरी और महत्वपूर्ण बात कि नई शिक्षा नीति के मुताबिक हमारे शिक्षकों को भी तैयार होना होगा। यूं भी एक अच्छा शिक्षक वही है, जो पूरी तैयारी के साथ अपने विद्यार्थियों का ज्ञानार्जन करे। यदि हम आंकड़ों पर गौर करें, तो भारत में छात्र-छात्राओं की कुल संख्या लगभग 35 से 40 करोड़ होगी। यानी, हमारी कुल जनसंख्या का लगभग 40 प्रतिशत। नई शिक्षा नीति को धरातल पर क्रियान्वित करने में सबसे अहम भूमिका हमारे शिक्षकों की ही है। पुरानी शिक्षा पद्धति में रचे- बसे शिक्षकों को मौजूदा ढांचे के अनुसार तैयारी करनी होगी। प्रतिस्पर्द्धी युग में अब विद्यार्थियों के बेहतर कल का निर्माण करने को शिक्षकों को भी तैयार होना होगा। प्रशिक्षण के आधार पर शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के सांचे में स्वयं को ढालने की आवश्यकता होगी, अन्यथा नई शिक्षा नीति की सार्थकता को सिद्ध होने में कठिनाई हो सकती है। इसी क्रम में यूजीसी की ओर से स्थापित 111 मदन मोहन मालवीय अध्यापक प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना एक मील का पत्थर साबित होगा। इनके माध्यम से अगले 3 वर्षों में 15 लाख गुरुजनों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। चतुर्थ और अंतिम बात यह है, अभी आईआईटी जैसी संस्था को हम इंजीनियरिंग की पढ़ाई के रूप में पहचानते हैं। आईआईएम को मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए जानते हैं। इन उच्च संस्थानों की मूल संरचना और इनका अध्यापन इसी दिशा पर कार्य करता है। अंदेशा है, अब ऐसे बहु प्रतिष्ठित संस्थानों को बहु-विषयक बनाने पर कहीं ये अपनी मूल संरचना और मूल भावना से विरत न हो जाएं। ऐसा न हो कि अधिकतम के चलते न्यूनतम भी अर्जित होने से रह जाए। हालांकि, फिलहाल तो ऐसा नजर नहीं आता। बावजूद इसके अध्ययन और अध्यापन के दौरान इन बिंदुओं की अनदेखी भी नहीं की जा सकती है ।

**-प्रो. एमपी सिंह**

# जंगल में लकड़ी बीनने गए व्यक्ति को हाथी ने पटक पटककर मार डाला, भाई ने भागकर बचाई जान

रुड़की। राजाजी नेशनल पार्क की धौलखंड रेंज में लकड़ी बीनने गए एक व्यक्ति को हाथी ने पटक पटककर मार डाला। जबकि उसके भाई ने भागकर किसी तरह जान बचाई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इकबाल (50) निवासी बंदरजूड़ वर्ष सोमवार की शाम को अपने अपने भाई अय्यूब एवं कुछ महिलाओं के साथ राष्ट्रीय राजाजी पार्क के धौलखंड रेंज के जंगल में लकड़ी बीनने के लिए गया था। लकड़ियां लेकर जब सभी जंगल से जा रहे थे तो अचानक पीछे से आए हाथी ने इकबाल पर हमला बोल दिया। हाथी ने उसे अपनी सूंड में लपेटकर जमीन पर पटक-पटककर मार डाला। इस दौरान अय्यूब ने बहुत शोर मचाया, लेकिन हाथी ने उसे नहीं छोड़ा। शोर सुनकर आसपास काम कर रहे अन्य ग्रामीण वहां पहुंचे और पुलिस व वन विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी। पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे बुग्गावाला थानाध्यक्ष मनोज शर्मा ने ग्रामीण के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया गया है कि मृतक मेहनत मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाता था। उसकी मौत से गांव में शोक छाया है। उधर, वन रेंजर गोविंद सिंह पंवार ने बताया कि हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत हुई है। ग्रामीणों को पार्क सीमा के भीतर नहीं घुसने की अपील की जाती है। 2019 में भी लकड़ी बीनने गए रसूलपुर टोंगिया और बंजारेवाला गांव के दो लोगों पर हाथी ने हमला बोलकर उन्हें मार डाला था। दिसंबर 2020 में चिल्लावाली रेंज में हाथी ने लकड़ी बीनने गए 35 वर्षीय बंजारावाला गांव निवासी एक युवक को पटक पटककर मौत के घाट उतार दिया था। जबकि 2020 में ही खानपुर रेंज में एक दंपती पर हमला कर हाथी ने मार डाला था। वहीं 2015 में भी लकड़ी बीनने गए एक बुजुर्ग की मौत भी हाथी के हमले में हुई थी।

# हाईवे पर आया हाथियों का झुंड

कोटद्वार। उत्तराखंड में कोटद्वार पौड़ी हाईवे पर सिद्धबली मंदिर के सामने कार्बेट के रिसेप्शन सेंटर के पास सोमवार शाम को हाथियों का एक झुंड आ गया। गनीमत यह रही कि हाथियों के झुंड की चपेट में कोई नहीं आया। हाथियों को सड़क पर देखकर लोगों में अफरातफरी मच गई। हाथी ने सड़क पर जमा लोगों को थोड़ी दूर तक दौड़ाया। सड़क पर दोनों ओर वाहनों के पहिए थम गए। बाद में हाथियों का झुंड यहां से खोह नदी में उतर गया। सोमवार को नए साल के मौके पर हजारों लोग सिद्धबली मंदिर के दर्शनों के लिए आए हुए थे। शाम करीब सवा पांच बजे भीड़ काफी छंट चुकी थी, लेकिन इसके बाद भी सैकड़ों लोग इस क्षेत्र में मौजूद थे। काफी बच्चे चिल्ड्रन पार्क में भी खेल में मस्त थे। तभी एक शिशु समेत छह हाथियों का झुंड सड़क पार करने के



लिए जंगल से निकला। हाथी का नियमित गलियारा होने के कारण लैंसडौन वन विभाग के कर्मचारी आसपास ही मौजूद थे। वाहनों के शोर और लोगों की भीड़ के बीच काफी देर तक हाथियों को जब खोह नदी में जाने के लिए सड़क पार करने का समय नहीं मिला तो उन्होंने चिंघाड़ कर पहले चेतावनी दी और फिर सड़क पर धमक गए। करीब 45 मिनट तक हाथी सड़क के आसपास जमे रहे। इस दौरान दोनों ओर का यातायात थम गया। हाथी के खोह नदी में जाने के बाद ही यातायात सामान्य हो सका। सोमवार को हाथी काफी देर तक पुलिंडा मार्ग पर भी चहलकदमी करता रहा। डीएफओ नवीन पंत ने बताया कि तिलवाढांग में वन विभाग की चौकी है। यहां पर वन कर्मी मुस्तैद रहते हैं। हाथी को चिढ़ाना नहीं चाहिए। हाथी दिखने पर उसे जाने का रास्ता दिया जाना चाहिए, अन्यथा वह हिंसक हो सकता है।

# आरेंज श्रेणी के उद्योगों को नहीं लेनी होगी केंद्र से पर्यावरणीय स्वीकृति की अनुमति

देहरादून। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से दून वैली की ड्राफ्ट अधिसूचना जारी की गई है। इसके अनुसार आने वाले समय में दून घाटी में ग्रीन और ऑरेंज श्रेणी के उद्योग लगाने के लिए केंद्र सरकार की अनुमति की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा जो उद्योग ऑरेंज से रेड श्रेणी में आ गए हैं, उनकी पर्यावरणीय स्वीकृति भी राज्य सरकार के स्तर पर दी जा सकेगी। इसके बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकार भी बढ़ सकते हैं। इससे पूर्व वर्ष 1989 की दून वैली अधिसूचना जारी की गई थी, जिसमें वर्ष 2007 और वर्ष 2020 में आंशिक संशोधन किए गए थे। वर्ष 1989 में स्थापित दून वैली अधिसूचना में उद्योगों को उनके प्रदूषण स्तर के आधार पर वर्गीकृत किया गया था और भूमि-उपयोग परिवर्तन, चराई और लाल श्रेणी के उद्योगों की स्थापना पर रोक लगा दी गई थी। अब इसमें संभावित संशोधनों पर लोगों की राय मांगी गई है। अगले 60 दिनों के भीतर कोई भी व्यक्ति लिखित रूप में आपत्तियां एवं सुझाव मंत्रालय को दे सकता है।ड्राफ्ट अधिसूचना के अनुसार, दून घाटी में लगने वाले नारंगी श्रेणी के उद्योगों के लिए पहले राज्य स्तरीय प्रभाव आकलन प्राधिकरण की ओर अनुमति दी जाती थी, अब राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के स्तर से यह अनुमति दी जा सकेगी। इसके अलावा नारंगी श्रेणी के ऐसे उद्योग, जो अब लाल श्रेणी में हैं, इसी में बने रहेंगे। यदि वह विस्तार करना चाहते हैं, तो उन्हें भी पीसीबी से अनुमति लेनी होगी। पीसीबी की ओर से इसके लिए एक तंत्र स्थापित किया जाएगा। प्रस्तावित संशोधनों में विभागों के इनपुट के साथ राज्य सरकार की ओर से पर्यटन, चरागाह, विकास की कोई भी महत्वपूर्ण योजना तैयार करना शामिल है। इसके अलावा पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) के दायरे में नहीं आने वाली नारंगी श्रेणी की औद्योगिक परियोजनाओं पर उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से उचित कार्रवाई के बाद विचार किया जाएगा।

# सिटी मजिस्ट्रेट व एआरटीओ ने की रोजवेज कर्मियों से वार्ता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हिट एंड रन केस के कानून में हुए बदलाव का विरोध यहां भी देखने को मिल रहा है। जिसके चलते रोडवेज के ड्राइवर तीन दिवसीय हड़ताल पर है। बस स्टेशन में बड़ी संख्या में बसें खड़ी है और यात्री बस का इंतजार कर रहे हैं। यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई यात्री कल रात्रि से रोडवेज बस स्टेशन में बस का इंतजार कर रहे हैं। कुछ नौकरी करने वाले लोग हैं जो नए साल के मौके पर अपने घर आए थे और जिन्हें वापस जाना है। लेकिन बसों की हड़ताल के चलते वह नहीं जा पा रहे हैं। तो वहीं प्राइवेट टैक्सी वाले मन मुताबिक रकम वसूल रहे हैं। ऐसे में आम



यात्रियों को दिक्कतें हो रही हैं। चालकों की हड़ताल के कारण यात्रियों को हो रही परेशानियों। के समाधान के लिए सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह और एआरटीओ ने मौके पर पहुंचने के बाद रोडवेज प्रशासन से वार्ता कर समाधान की तरफ कार्य करना शुरू कर दिया है। चालक नए प्रस्तावित कानून को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

# विनीता महानगर अध्यक्ष व सिद्धि महामंत्री मनोनीत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा महानगर इकाई की महिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें विनीता शर्मा को महानगर महिला अध्यक्ष और सिद्धि भट्ट सुयाल को महानगर महिला महामंत्री मनोनीत किया। उनके मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद गोयल, महिला जिलाध्यक्ष कुसुम दिगारी, महिला महामंत्री





उर्वशी बोरा, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, चंद्र शेखर पंत, राजेश अग्रवाल, रूपेंद्र नागर, हितेंद्र भसीन, नवनीत राणा, दिगंबर वर्मा, सौरभ भट्ट, मधुकर बनोला, पवन वर्मा, कृष्णा फुलारा, पवन जोशी सहित व्यापारी प्रतिनिधियों ने बधाई दी।नवमनोनित महानगर महिला अध्यक्ष विनीता शर्मा, महामंत्री सिद्धि भट्ट सुयाल ने संगठन का आभार जताते हुए संगठन हितों के साथ महिला व्यापारियों को मजबूती प्रदान करने हेतु प्रतिबद्धता जताई।

# एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। नए साल के पहले तहसील दिवस पर तहसील कार्यालय में दर्जनों फरियादियों ने उप जिलाधिकारी कोस्तुभ मिश्रा,एव तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर निस्तारण किया। तहसील दिवस में चिट फंड कंपनी द्वारा ग्राहकों के पेमेंट का भुगतान न की जाने पर आए फरियादियों को उप जिला अधिकारी ने सभी एप्लीकेशन जमा कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। पीएसीएल इंडिया लिमिटेड के ग्राहकों द्वारा उप जिलाधि



कारी के माध्यम से भुगतान किए जाने की मांग रखी। के अलावा और क्या सड़क बिजली पानी स्थाई निवास आए सहित तमाम समस्याओं के लिए फरयादियों ने समाधान करने की मांग की। प्रीतम गंगवार सुपरवाइजर बाल, विकास, संजय कुमार सिंह मंडी पर्यवेक्षक मंडी समिति, तिवारी सीएससी, प्रकाश लाल ए ई पी डब्लू डी, मनोज कुमार, आशा, अमरजीत कौर, ताज, हुसैन खान, के एस देव,बादल कुमार पांडे ,रईस अहमद ,आदि कर्मचारी अधिकारी का उपस्थित थे।

# हिमाचल की तर्ज पर सशक्त भू-कानून लागू करने की मांग

खटीमा/काशीपुर। मूल निवास, सशक्त भू-कानून और गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने की मांग को लेकर सोमवार को उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। खटीमा में तहसीलदार को ज्ञापन देकर कार्यकर्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य गठन को 23 वर्ष हो गए हैं, लेकिन अभी तक सशक्त भू-कानून नहीं बना है। इसके चलते उत्तराखंड में दूसरे राज्यों से विस्थापन हो रहा है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर सशक्त भू-कानून बनाने की मांग की।



कार्यकर्ताओं ने राज्य के युवाओं को रोजगार के लिए मूल निवास की अवधि तय करने और खटीमा को जिला बनाने की मांग की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राम सिंह धामी, जिला महामंत्री संतोष मेहरोत्रा, गोविंद बिष्ट, विनोद राजपूत, कैलाश भट्ट, गजेंद्र बसेड़ा, अब्दुल फरीद आदि थे। काशीपुर में भी यूकेडी के कार्यकर्ताओं ने सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में दिया। उन्होंने प्रदेश में भू-कानून की मांग उठाई। कहा कि यदि उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया गया तो वह जनता के साथ आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में हरजाप सिंह, जगदीश चंद्र बौड़ाई, गिरीश अधिकारी, शिव सिंह रावत, संजय कुमार रहेजा, कुसुमलता बौड़ाई, यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाकपा माले का दो दिवसीय राज्य सम्मेलन 7 जनवरी से हल्द्वानी में

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भाकपा माले का दो दिवसीय राज्य सम्मेलन आगामी 7 व 8 जनवरी से हल्द्वानी में आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय ने बताया कि राज्य सम्मेलन में राज्य की राजनीतिक परिस्थिति पर चर्चा, भावी आंदोलन की रणनीति और नई राज्य कमेटी का चुनाव भी किया जायेगा। सम्मेलन स्थल का नाम कॉमरेड चंद्र सिंह गढ़वाली नगर तथा सभागार का नाम उत्तराखंड में माले आंदोलन की बुनियाद रखने वाले कॉमरेड दीपक बोस के नाम पर रखा गया है। सम्मेलन के मंच का नाम कॉमरेड मान सिंह पाल, कॉमरेड केपी चंदोला मंच रखा गया है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में अन्य वामपंथी पार्टियों भाकपा, माकपा एवं जनवादी संगठनों एवं व्यक्तियों को भी 7 जनवरी को होने वाले खुले सत्र में आमंत्रित किया गया है। राज्य सम्मेलन श्री श्याम गार्डन, नियर ट्रांसपोर्ट नगर, बिरला स्कूल रोड, देवलचौड़, हल्द्वानी में होगा।

# तहसील दिवस में साहू ने उठाई समस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।तहसील दिवस में यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने राजपुरा में सीवर लाइन के निर्माण करने बन्द पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक में विफल अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की। साहू ने कहा राजपुरा क्षेत्र में सीवर लाईन के निर्माण के लिये पिछले 10 वर्षों से लगातार मांग के बावजूद



कोई कार्रवाई न होने से जनता में भारी रोष है। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता प्रीति आर्य ने कहाँ पिछले महीने स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने की मांग की गई थी लेकिन अभी तक कोई काम नही हुआ। इस मौके पर नाजिम अंसारी, शानू अल्वी, सचिन राठौर, कमलेश आर्य, बबीता देवी, शाहनवाज मलिक आदि थे।

# रेल से टेक्नीशियन का फोन चोरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ट्रेन की कोच से टेक्नीशियन का मोबाइल चोरी हो गया । पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। रामप्रकाश मीना पुत्र रामफुल मीना निवासी भावपुरा जमवारामगढ़ जयपुर राजस्थान निवासी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह सी सेक्शन इंजीनियरिंग विद्युत काठगोादाम में तकनीशियन के पद पर तैनात है। वह बरेली से आ रही ट्रेन के कोच बी 1 में हीटर देखने गया हुआ था। इस दौरान उसने अपना मोबाइल केबिन एन1 में रखा हुआ था। जब वह वापस लौटा तो उसका मोबाइल गायब था। पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

# महिला शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक महिला शराब तस्कर को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार गश्त कर रही पुलिस टीम ने गड़ढा कालोनी में यहीं की निवासी सोनिया पत्नी बलजोर सिंह को घर के पास कच्ची शराब बेचते 10 लीटर अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## पेज एक का शेष...

**दूसरे दिन भी थमे रेह ...**करते हुए अपने वाहन खड़े कर दिए। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर के मुख्य चौराहे पर कडाके की ठंड में छोटे छोटे बच्चों के साथ यात्री सवारी का इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। परिवहन व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा गई है। आवागमन में लोगों को भारी परेशानी हो रही है लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। लोगों को पैदल जाना पड़ रहा है। वाहन चालकों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा हिंट एंड रन कानून के तहत 10 साल की सजा एवं 7 लाख का जुर्माना का प्रावधान किया गया है। इस तरह कोई चालक वाहन नहीं चला सकता है। क्योंकि कोई हादसा होने पर चालक मौके पर रुकता है तो लोग उसे पीट कर मार सकते हैं। कृषि उत्पादन मंडी समिति में ट्रक चालकों ने ट्रक खड़े कर नए सड़क कानून के विरोध किया। वाहन चालकों ने केंद्र सरकार से नए कानून को वापस लेने की मांग की है। **लोहाघाट-** केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नए हिट एंड रन कानून के विरोध में मंगलवार को लोहाघाट डीपो के रोडवेज चालकों के साथ साथ लोहाघाट के सभी टैक्सी चालकों ने रोडवेज मउचसवलममे यूनियन अध्यक्ष जगदीश जोशी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तथा काले कानून को वापस लेने की मांग करते हुए रोडवेज बसों व टैक्सियों का संचालन ठप कर दिया जिस कारण लोहाघाट व चंपावत से बाहर जाने वाले यात्री परेशान रहे तथा वापस अपने घरों को लौटे वाहन चालको की हड़ताल के कारण मंगलबार को एक भी रोडवेज बस व टैक्सी का संचालन नहीं हो पाया वही रोडवेज एम्पलाइज यूनियन अध्यक्ष जगदीश जोशी व वाहन चालकों ने कहा केंद्र सरकार मनमानी मे उतर आई है जो इस प्रकार के काले कानून बना कर वाहन चालको का उत्पीड़न कर रही है वाहन चालकों ने कहा जब तक केंद्र सरकार इस काले कानून को वापस नहीं लेगी वाहनों का संचालन ठप रहेगा वही टैक्सी चालकों के द्वारा पूरी तरह टैक्सियों का संचालन बंद किया गया तथा बाहर से आने वाली टैक्सीयो को रोककर वापस भेजा गया इस दौरान यात्रियो की टैक्सी चालकों से झड़प भी हुई टैक्सी चालकों ने कहा केंद्र सरकार के इस तुगलकी फरमान को कतई बर्दाशत नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कोई भी वाहन चालक जानबूझकर दुर्घटना नहीं करता है उनका भी परिवार है। अगर दुर्घटना हो जाती है तो चालक को अपनी जान बचाने के लिए भागना पड़ता है नहीं तो जनता चालक को जान से मार डालती है। सभी वाहन चालकों ने एक शुर में कहा केंद्र सरकार की तानाशाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तैनात रही।

**हाईवे पर पलटी...**जैनब पत्नी भूरा निवासी इस्लाम नगर गदरपुर, 10 वर्षीय रीतू पुत्री जयकुमार निवासी केशवगढ़ गदरपुर, 15 वर्षीय हिमानी पुत्री रामतेज निवासी आनंदपुर गदरपुर, 45 वर्षीय लीलापती पत्नी जोगेन्द्र निवासी नंदपुर गदरपुर, 60 वर्षीय चांदमणि पत्नी ओमनारायण निवासी केशवगढ़ गदरपुर, 12 वर्षीय पूर्णिमा पुत्री जयप्रकाश निवासी नंदपुर, 55 वर्षीय बानो पत्नी सलीम निवासी इस्लामनगर गदरपुर, 14 वर्षीय सोनम पुत्री मोहन लाल निवासी नंदपुर, 12 वर्षीय राखी पुत्री बंटी निवासी खेमपुर, 40 वर्षीय सुशीला पत्नी बंटी निवासी खेमपुर, 12 वर्षीय अन्नू पुत्री राकेश निवासी नंदपुर एवं काजल पुत्री अर्जुन निवासी नंदपुर आदि शामिल हैं। घायलों में काजल की हालत गंभीर देखते हुए उसे हल्द्वानी रैफर किया गया है। पुलिस फरार पिकप चालक की तलाश कर रही है।

**ट्रेन की चपेट..**का रहने वाला मयंक पाण्डे पुत्र आरसी पाण्डे कई दिन पूर्व काम की तलाश में हल्द्वानी आया हुआ था। मंगलवार की सुबह वह आवास विकास के पास ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत होगई। सूचना पर पहुंची भोटियापड़ाव चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की जेब से मिली आईडी से उसकी शिनाख्त हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है।




संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा    समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# शिव भजन संध्या में भक्ति में झूमे श्रृद्धालु





## श्री बद्री केदार सेवा मंडल के भंडारे सेवा का एक वर्ष पूर्ण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री बद्री केदार सेवा मंडल द्वारा पिछले एक वर्ष से भगत सिंह चौक पर किये जा रहे भंडारे की सेवा का एक वर्ष पूर्ण होने पर गत सायंकाल शिव भजन संध्या तथा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मुरादाबाद, बरेली सहित कई अन्य शहरों से आमंत्रित भजन गायक कलाकारों ने शिव महिमा का गुणगान कर उपस्थित सैकड़ों श्रृद्धालुओं को शिव भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। इससे पूर्व आयोजन स्थल भगत सिंह चौक पर श्री बद्री केदार सेवा मंडल के सेवादारों द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसके पश्चात किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ द्वारा धार्मिक अनुष्ठानों के साथ श्री शिव शंकर, मां पार्वती, श्री गणेश भगवान, मां लक्ष्मी आदि की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। जिसके बाद स्थानीय भजन गायक कलाकारों द्वारा गुरू वंदना, गणेश वंदना व फूलों की वर्षा गाई गई। आयोजकों द्वारा कई गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गयां। शिव भजन संध्या में भजन गायक कलाकारों ने भगवान शंकर की महिमा से ओत प्रोत कई भजन सुनाकर उपस्थित श्रृद्धालुओं को शिव भक्ति में मग्न कर दिया। भोले की बारात का भजन सुनते श्रृद्धालु झूमने नाचने लगे। सारा वातावरण शिव के जयघोषों से गुंजायमान हो गया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, उत्तम दत्ता, महेश बब्बर, नन्दलाल भुड्डी, विकास शर्मा, भारत भूषण चुघ, अमित नारंग, हरविन्दर चुघ, सन्नी गाबा, पंकज बांगा, सुनील ठुकराल, जसविन्दर सिंह खरबंदा, पवन गाबा, नरेश शर्मा, विनय बत्रा, संजय जुनेजा, केवल ईश्पुजानी, सौरभ खुराना, सुभाष डोगरा, हेमंत आदि सैकड़ों श्रृद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम में सोनू अनेजा, अशोक गुम्बर, हरबंस गुम्बर, जगदीश टंडन, सौरभ गाबा, सौरभ ग्रोवर, दीपक मुंजाल, राजेश गर्ग, हरीश मुंजाल, सुधीर अरोरा, गगन चौहान, अभिषेक चौहान, कृष्ण लाल सहगल, बल्देव सुखीजा, रौनक नारंग, रूबल नारंग, गगन सिंह, राजू गिरवानी, रमेश चौहान, रोहित जग्गा, राजेन्द्र भाटिया, रोहित गुम्बर, हरीश गुम्बर, दीपक मुंजाल, अमित अरोरा, विधान जुनेजा, गौरव ग्रोवर, अमित नागपाल, ओम प्रकाश, कृष्ण चौधरी, समरवीर सिंह सीटू, काली चावला, अनिल कालड़ा, गुरविन्दर गौराया, अजय चडढ़ा, जसपाल भट्टी, मंजीत मक्कड़, विनोद अनेजा, जगदीश गुम्बर, वेदान्त जुनेजा, अनिल खनीजो, राजू त्रिखा, प्रमोद शर्मा, राजन राठौर, राजकुमार, गुरविन्दर सिंह आदि सेवादार सेवा में जुटे रहे।



